(1100/CS/SPR)

1101 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

निधन संबंधी उल्लेख

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व सदस्य श्री एस. जयपाल रेड्डी के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री एस. जयपाल रेड्डी संयुक्त आन्ध्र प्रदेश के क्रमश: महबूबनगर, मिरयालागुडा और चेलवेला संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, जो अब तेलंगाना में हैं, से 8वीं, तथा 12वीं से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

उत्कृष्ट प्रशासक श्री रेड्डी सूचना और प्रसारण, शहरी विकास और संस्कृति, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालयों में केन्द्रीय मंत्री थे।

अपने दीर्घ और ओजस्वी राजनीतिक जीवन के दौरान श्री रेड्डी विशेषाधिकार समिति के सभापति और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

वे राज्य सभा में दो बार सदस्य भी रहे और उन्होंने वर्ष 1991 से 1992 तक राज्य सभा में विपक्ष के नेता का पद भी संभाला।

उन्हें वर्ष 1998 में 'उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार' प्रदान किया गया।

इससे पूर्व श्री रेड्डी आन्ध्र प्रदेश विधान सभा के चार बार सदस्य रहे।

श्री एस. जयपाल रेड्डी का निधन 28 जुलाई, 2019 को 77 वर्ष की आयु में हैदराबाद, तेलंगाना में हुआ।

हम अपने पूर्व सहयोगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करने में मेरे साथ है।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय

1103 बजे

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं, लेकिन मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए आज अनुमति प्रदान नहीं की है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): महोदय, हमारी रिक्वेस्ट है कि जैसे आपने कल जीरो ऑवर चलाया था, उसी तरह से आज भी जीरो ऑवर में माननीय सदस्यों को अपने मुद्दे रखने का मौका दिया जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पहले पेपर ले कर लेते हैं।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1104 बजे

माननीय अध्यक्ष : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। आइटम नम्बर-2, श्री परषोत्तम रूपाला जी। श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): श्री परषोत्तम रूपाला जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1)(एक) नेशनल सेंटर फॉर कोल्ड-चेन डेवेलपमेन्ट, नई दिल्ली के वर्ष 2011-2012 से 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल सेंटर फॉर कोल्ड-चेन डेवेलपमेन्ट, नई दिल्ली के वर्ष 2011-2012 से 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले सात विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

.....

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति): महोदय, मैं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूँ।

.....

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 114क की उपधारा (3) और बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 की धारा 27 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा दलाल) विनियम, 2018 जो 19 जनवरी, 2018 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ0सं0 आईआरडीएआई/ रेगु./2/149/2018 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) अधिसूचना संख्या एफ0सं0 आईआरडीएआई/रेगु./3/150/2018 जो 28 फरवरी, 2018 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा के लिए मानक प्रस्ताव प्ररूप) विनियम, 2013 का निरसन किया गया है।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(एक) मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (2019 का प्रतिवेदन संख्यांक 9)- राजस्व विभाग-प्रत्यक्ष कर।

(दो) मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (2019 का प्रतिवेदन संख्यांक 11)- राजस्व विभाग-(अप्रत्यक्ष कर-माल और सेवा कर)।

.....

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY GENERAL: Madam Speaker, I have to report a message received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

> "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 29th July, 2019 considered and agreed without any amendment to the Banning of Unregulated Deposit Schemes Bill, 2019 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 24th July, 2019."

(1105/RV/SNB)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमें यहां स्थगन प्रस्ताव उठाने के लिए मौका दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष: मैंने आपके स्थगन प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, इसे ज़ीरो आवर कर दिया जाए और हमें बोलने का मौका दिया जाए।…(व्यवधान)

सारे हिन्दुस्तान के लोग आज शर्मसार महसूस कर रहे हैं।…(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के उन्नाव में जो घटना घटी है, वह सभ्य समाज पर कलंक है, जहां एक नाबालिग लड़की का सामूहिक बलात्कार किया गया।…(व्यवधान) उसकी सीबीआई जांच हो रही है और जांच होते हुए भी पीड़ितों को बचाने का और उन्हें बचने का कोई अधिकार नहीं दिया जाता है।…(व्यवधान)

सर, जिस उत्तर प्रदेश के बारे में यह सरकार कहती है कि हम उसे उत्तम प्रदेश बना रहे हैं तो वह उत्तर प्रदेश आज अधर्म प्रदेश की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां एक नाबालिग लड़की का सामूहिक बलात्कार और उनके पिता की मौत होती है।…(व्यवधान) वह नाबालिग लड़की अपने लिए न्याय की गुहार करते हुए चीफ मिनिस्टर के मकान के सामने आत्मदाह करने की भी चेष्टा करती है।…(व्यवधान) उसके बाद उसकी चाची की मौत होती है, उसकी मौसी की मौत होती है।…(व्यवधान) जो चश्मदीद गवाह थे, उन चश्मदीद गवाहों का नामो-निशान मिटाने के लिए उनके ऊपर से एक ट्रक गुजर गया और दोनों की मौके पर मौत हो गई।…(व्यवधान) साथ ही, पीड़िता गम्भीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती हुई है।…(व्यवधान) उनके वकील भी भर्ती हुए हैं।…(व्यवधान)

सर, ऐसी हालत में अगर इन लोगों को यह महसूस न होता हो कि यह एक शर्मसार घटना है तो हम सबको इसके लिए शर्मिन्दा होना पड़ेगा।…(व्यवधान) इसकी सीबीआई जांच हो रही है।…(व्यवधान) इसके लिए गृह मंत्री जी सदन में आएं और इसके बारे में बयान पेश करें, जिससे हिन्दुस्तान के आम लोगों को यह पता चले कि हम कौन-से समाज में वास करते हैं जहां हमारी पीड़िता के ऊपर इस तरह की दर्दनाक, शर्मनाक घटना घट रही है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: संसदीय कार्य मंत्री जी।

1108 बजे

(इस समय श्री गौरव गोगोई, डॉ. कलानिधि वीरास्वामी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सर, इस पर राजनीति नहीं करना चाहिए।…(व्यवधान) इस पर ऑलरेडी सीबीआई इनक्वायरी चल रही है।…(व्यवधान) एफ.आई.आर. भी दर्ज हो चुकी है।…(व्यवधान) पूरी जांच निष्पक्ष तौर से उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है और इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि हम उस परिवार के साथ हैं।…(व्यवधान) जो कुछ भी

न्याय करना है, उत्तर प्रदेश की सरकार कर रही है, लेकिन इसके ऊपर राजनीति करना बिल्कुल ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

सर, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि उत्तर प्रदेश के हमारे माननीय सदस्य जगदम्बिका पाल जी इस पर कमेन्ट करेंगे। इन्हें कृपया बोलने की अनुमति दे दीजिए।...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय अध्यक्ष महोदय, जिस तरीके से काँग्रेस पार्टी के नेता ने आज राज्य के विषय को उठाया है, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बदनाम करने के लिए उन्होंने यह कहा कि पीड़िता के परिवार के साक्ष्य को मिटाने के लिए ट्रक से उनकी हत्या करने का प्रयास किया गया है, इसके बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि ये देश को गुमराह कर रहे हैं।...(व्यवधान) जिस ट्रक से एक्सीडेंट हुआ है, वह ट्रक समाजवादी पार्टी के नेता अमर पाल सिंह का था।...(व्यवधान) ये जवाब दे दें।...(व्यवधान) समाजवादी पार्टी कल से सीबीआई जांच की मांग कर रही थी और आज उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री ने इस ट्रक दुर्घटना की सीबीआई जांच की संस्तुति भी कर दी है।...(व्यवधान) पहले भी जो हत्या हुई थी, उसकी भी सीबीआई जांच हो रही है और जो विधायक है, वह जेल में है।...(व्यवधान) वह सीतापुर में है।...(व्यवधान)

(1110/MY/UB)

जिस तरीके से आज उत्तर प्रदेश में इनकी कोई जमीन नहीं बची है। ...(व्यवधान) आज कांग्रेस पार्टी जिस तरीके से, चाहे अमेठी हो, रायबरेली हो...(व्यवधान) वह उत्तर प्रदेश की सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि वे सदन की कार्यवाही व्यवस्थित करें।...(व्यवधान) धन्यवाद।

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति): अध्यक्ष महोदय, इस मुद्दे को लेकर हम उस बेटी तथा परिवार के साथ हैं।...(व्यवधान) जो ट्रक वाला है, वह नरौली, फतेहपुर जिले का है और समाजवादी पार्टी का कार्यकर्त्ता है।...(व्यवधान) समाजवादी पार्टी का पदाधिकारी है और वह मेरे क्षेत्र का है।...(व्यवधान) ट्रक वाला फतेहपुर का रहने वाला है।...(व्यवधान) समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्त्ता को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने के लिए काम कर रही है।...(व्यवधान)

उपभोक्ता संरक्षण विधेयक

1112 बजे

माननीय अध्यक्ष: आइटम नं. 6, उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019, माननीय मंत्री जी।

…(व्यवधान)

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री रामविलास पासवान): अध्यक्ष महोदय, यह बिल एक नया बिल है।…(व्यवधान) जो पहले का बिल था, वह दिसम्बर 1986 में एक्ट बना था। …(व्यवधान) 33 साल के बाद यह बिल दोबारा सदन के सामने आया है।…(व्यवधान) मैं आपकी अनुमति से उपभोक्ता संरक्षण बिल, 2019 पर विचार करने का प्रस्ताव करना चाहता हूं।…(व्यवधान)

महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए और उक्त प्रयोजन के लिए उपभोक्ता विवादों के समय से और प्रभावी प्रशासन तथा परिनिर्धारण के लिए प्राधिकरणों की स्थापना करने और उससे संबद्ध या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

अध्यक्ष महोदय, यह बिल वर्ष 1986 में बना था। …(व्यवधान) उसके बाद से लगातार मांग हो रही थी कि जो उपभोक्ता हैं, …(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): रामविलास जी, यहां से आवाज आ रही है।…(व्यवधान) आप थोड़ा पीछे होकर बोलिए।…(व्यवधान)

श्री रामविलास पासवान: रावसाहेब दानवे जी, आप संक्षेप में बोल दीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए और उक्त प्रयोजन के लिए उपभोक्ता विवादों के समय से और प्रभावी प्रशासन तथा परिनिर्धारण के लिए प्राधिकरणों की स्थापना करने और उससे संबद्ध या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए"

…(<u>व्यवधान</u>)

1114 बजे

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से उपभोक्ता संरक्षण बिल, 2019 पर विचार करने का प्रस्ताव करता हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, यह जो बिल है, ...(व्यवधान) उपभोक्ता संरक्षण बिल को 10 अगस्त, 2015 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था।...(व्यवधान) उसके बाद बिल पर विचार हेतु विभाग संबंधी स्थायी समिति को भेज दिया गया था। संसद की स्थायी समिति ने 7 अप्रैल, 2016 को अपनी 9वीं रिपोर्ट दी थी, जिसमें 36 प्रमुख सिफारिशें की गई थीं।...(व्यवधान) उसमें भ्रामक विज्ञापन से निपटने, मिलावट और प्रस्तावित केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण एवं सेफ्टी आदि से संबंधित सिफारिशें शामिल थीं।...(व्यवधान)

(1115/CP/KMR)

अध्यक्ष महोदय, स्थायी समिति की इन सिफारिशों को पूर्ण रूप से अथवा कुछ एक संशोधनों के साथ स्वीकार कर लिया गया। उसके बाद ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की समिति द्वारा इन सिफारिशों पर विचार किया गया। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, एक नया संशोधित बिल ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स, स्टैंडिंग कमेटी और विधि मंत्रालय को ध्यान में रखते हुए, उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, 2018 बनाया गया, जिससे एक नया संशोधित बिल लोक सभा में 05.01.2018 को प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष महोदय, लोक सभा ने 20.12.2018 को इस बिल को पारित भी कर दिया था, किंतु 16वीं लोक सभा के विघटन के कारण यह बिल लैप्स हो गया।

अध्यक्ष महोदय, इस बिल को कुछ संशोधनों के साथ दिनांक 8 जुलाई, 2019 को लोक सभा में पुन: स्थापित किया गया। इस बिल की मुख्य विशेषताएं मैं आपको बताता हूं।

पहले जिला स्तर पर, राज्य स्तर पर और नेशनल लेवल पर उपभोक्ता न्यायालय था, लेकिन उपभोक्ताओं को न्याय मिलने के लिए छह महीने समय की पाबंदी थी। उस समय में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए इन आयोगों के अतिरिक्त एक केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है।

अध्यक्ष महोदय, सरलीकृत विवाद निपटान प्रक्रिया, मध्यस्थता का प्रावधान, उत्पादों की लाइबिलिटी, उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन और अपमिश्रण के लिए दण्ड की व्यवस्था, उपभोक्ता आयोग की जांच को सरल बनाने तथा अधिनिर्णय की प्रक्रिया को सरल बनाना इस बिल में हमने शामिल किया है। मध्यस्थता के द्वारा मामलों का शीघ्र निपटान, ई-कॉमर्स तथा प्रत्यक्ष बिक्री पर डायरेक्ट सेलिंग, नए युग के उपभोक्ताओं के मुद्दों के लिए नए नियम बनाकर इस बिल में शामिल किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, इसकी ढांचागत स्थिति ऐसी है कि केन्द्रीय प्राधिकरण में एक मुख्य आयुक्त होगा और अन्य आयुक्त भी होंगे। क्षेत्रीय प्राधिकरण में एक आयुक्त होगा। केन्द्रीय उपभोक्ता

संरक्षण प्राधिकरण में मुख्य आयुक्त एवं अन्य आयुक्त आदि रहेंगे, तथापि इसका विस्तृत संगठन एवं संरचना बिल के पास होने के उपरान्त राज्यों एवं संघों से परामर्श करके निश्चित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय, सीसीपीए श्रेणीगत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने वाली कार्यकारी एजेंसी है। इसे निम्नलिखित कार्य को करने के लिए अधिकार प्राप्त होंगे।

उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन, शिकायत और अभियोजन शुरू करने के लिए संशोधन करना, असुरक्षित उत्पादों और सेवाओं को वापस लेने का आदेश दिया जाना, अनुचित व्यापार प्रथाओं और भ्रामक विज्ञापनों को जारी न करने का आदेश देना, भ्रामक विज्ञापनों के विनिर्माताओं/समर्थकों/प्रकाशन पर जुर्माना लगाना, इस बिल के नए प्रावधान में हमने इनको शामिल किया है।

इससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलने वाला है। वर्तमान में उपभोक्ताओं के पास न्याय सुलभता के लिए केवल एकमात्र बिंदु है, जिसमें समय लगता है। केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के माध्यम से विधेयक में अतिरिक्त द्रुतगामी कार्यकारी सुधार प्रस्तावित किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों और अपमिश्रण को रोकने के लिए यहां दंड की सिफारिश की गई है। निर्माताओं तथा सेवा प्रदाताओं को सदोष उत्पादों अथवा त्रुटिपूर्ण सेवाओं की प्रदायगी से रोकने के लिए भी उत्पाद-देयता का प्रावधान किया है।

उपभोक्ता आयोग में पहुंच को सरल बनाना तथा अधिनिर्णयन की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मध्यस्थता के माध्यम से मामलों के शीघ्र निपटान करने का प्रावधान भी इस बिल में किया गया है। युवा उपभोक्ता मुद्दों के लिए नियमों का प्रावधान, ई-कॉमर्स तथा प्रत्यक्ष बिक्री का प्रावधान भी इसमें किया गया है।

अध्यक्ष महोदय , जो पहला बिल था, वह वर्ष 1986 में बना था। इसमें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता आयोगों की स्थापना का प्रावधान था, जो कि एक जुडीशियल प्रक्रिया थी। अब इस विधेयक में हमने इन उपभोक्ता आयोगों के अतिरिक्त एक केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान किया है।

अध्यक्ष महोदय, पहले जिला आयोग में 20 लाख रुपये तक के लिए प्राावधान था। अब हमने जिला आयोग के लिए 1 करोड़ रुपये तक का प्रावधान किया है। पहले राज्य आयोग के लिए 20 लाख रुपये तक का प्रावधान था, हमने इसके लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राष्ट्रीय आयोग में केवल 1 करोड़ रुपये का प्रावधान था, अब इस नए बिल में हमने 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

उपभोक्ताओं को पहले तुरंत राहत नहीं मिल पाती थी एवं न्याय मिलने के लिए काफी शिकायतें दर्ज करनी पड़ती थीं। इस विधेयक के द्वारा विवाद समाधान की प्रक्रिया को त्वरित एवं सरल बनाया गया है।

(1120/NK/SNT)

महोदय, इस विधेयक में जो पुराना बिल था, जब उपभोक्ता शिकायत करने जाता था तब एक दिन के अंदर आयोग की तरफ से उसकी स्वीकृति मिलनी अनिवार्य थी …(व्यवधान) लेकिन 2019 के इस बिल में जब उपभोक्ता शिकायत करने जाएगा तो 21 दिन में आयोग की तरफ से डीम्ड एडमिसिबिलिटी बिल जाएगी। अगर उपभोक्ता आयोग के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, …(व्यवधान) राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग के पास जा सकता है। …(व्यवधान) इस विधेयक में अपील की व्यवस्था केवल एक स्तर पर होती है। …(व्यवधान) उदाहरण के लिए अगर उपभोक्ता निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो केवल राज्य आयोग तक जाता है, …(व्यवधान) केवल दो ही स्तर इस बिल में रखे गये हैं। मैं आपसे विनती करता हूं कि इस बिल को पारित किया जाए।

(इति)

1121 बजे

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे उपभोक्त संरक्षण विधेयक, 2019 पर बोलने के लिए अवसर दिया। यह आम उपभोक्ता से जुड़ा हुआ बिल है, बड़ा महत्वपूर्ण बिल है। मुझे आशा है कि हमारे विपक्षी दल के सम्माननीय सांसद इसमें अपनी भागीदारी करेंगे तथा हम सब की बात भी सुनेंगे और अपनी बात भी कहेंगे। …(व्यवधान) लंबे विचार-विमर्श के पश्चात् एक प्रकार से यह संपूर्ण बिल है, कम्प्रेहेन्सिव बिल है। इस बिल को लाने के लिए मैं सम्मानीय प्रधान मंत्री जी तथा अत्यंत संवेदनशील माननीय मंत्री राम विलास पासवान जी का अभिनंदन करता हूं। यह बिल 1886 के अधिनियम का स्थान लेगा।

अध्यक्ष जी, इस बीच व्यापार के तरीके बदल गए हैं, वस्तुएं बदल गई हैं जिनका व्यापार होता है। नए प्रकार की ई-कॉमर्स पद्धति शुरू हो गई है। लोग बढ़ी हुई जानकारियों का सामान्य व्यक्तियों को ठगने में उपयोग करते हैं। …(व्यवधान) हमारे पास 1986 का एक्ट था उसके माध्यम से उपभोक्ता को संरक्षण देना कठिन हो गया था। आजकल जैसा मैंने कहा, ई-कामर्स का जमाना है, अमेजन और फ्लिपकार्ट अंतर्राष्ट्रीय लैवल पर इतनी बड़ी कंपनियां बन गई हैं, इसके मालिकों की गिनती सर्वाधिक रईस लोगों में होने लगी है। …(व्यवधान) ऐसे में ग्राहक बड़ा छोटा हो जाता है। ऐसा लगता है कि उसका साइज बहुत छोटा हो गया है और उसके शोषण की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

मेरे साथ घटी एक घटना को मैं संसद के साथ शेयर करना चाहूंगा। वर्ष 2016 की बात है। मैं कंपनी का नाम नहीं बताऊंगा और उत्पाद का नाम भी नहीं बताऊंगा। मैंने एक मोबाइल का आदेश किया। मेरे बेटे ने कहा कि ई-कार्मस के माध्यम से ऑनलाइन आदेश देते हैं, उसने आदेश दिया। एक बहुत खूबसूरत सा पैकेट मेरे पास आया, पैकेट खोलने के बाद मोबाइल की जगह एक पत्थर का टुकड़ा मिला, यह मेरे साथ हुआ है। मैं सांसद हूं, इसकी मैंने तुरंत शिकायत की और रेमेडी हो गई। कंपनी के लोगों ने तुरंत क्षमा भी मांग ली, मुझे मेरा मोबाइल उपलब्ध करा दिया गया। यह कहा गया कि पैकिंग में गलती हो गई हो। …(व्यवधान) इतने बड़े साम्राज्य का निर्माण हुआ है। इतने तरीके निर्माण हो गए, बहुत बार छोटा उपभोक्ता शोषण का शिकार हो जाता है। उसके साथ गलतियां हो जाती हैं, इसलिए उसका संरक्षण किया जाना बहुत जरूरी है। …(व्यवधान) इसलिए इस नए बिल का निर्माण किया गया है। पुराने बिल 1986 के एक्ट में भी व्यवस्थाएं थीं। उसके अंदर जिला स्तर, प्रदेश और केन्द्रीय स्तर पर विवादों के निस्तारण की त्रिस्तरीय व्यवस्थाएं थीं। उसके द्वारा भी काम हुआ है। ऐसा नहीं है कि वह कानून बिल्कुल निरुपयोगी था, लेकिन उसमें 90 परसेंट का निस्तारण अच्छा परसेंटेज कहा जा सकता है। उसके न्याय की डिलीवरी में समय बहुत लगता था। छह महीने या साल भर लग जाते थे। औसत समय एक केस का बारह महीने निकल कर आया है।

(1125/NK/GM)

आज अगर हम पेनडेंसी देखें, पुराने कानून की एक सीमा के कारण मैं एक डाटा दे रहा हूं, इसे एनसीडीआरसी द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह 13 जून, 2019 का आंकड़ा है। आज जो जिस प्रकार से उपभोक्ता के मामले कंज्यूमर कोर्ट्स में पड़े हुए हैं, ...(व्यवधान) उनकी नेशनल कमीशन में पेनडेंसी 20,304 है, स्टेट कमीशन में पेनडेंसी 1,18,319 है और डिस्ट्रिक्ट फोरम में 3,23,163 है, कुल मिलाकर 4,61,786 अभी पेन्नडेंसी बनी हुई है, यह दूर हो। उपभोक्ता के साथ जहां कहीं भी अन्याय होता है उसके खिलाफ खड़े हो सकें, उनको प्रोटेक्शन दिया जा सके। त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए नए उपभोक्ता संरक्षण कानून की आवश्यकता थी, इसलिए इसे बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। ...(व्यवधान)

बहुत बड़ी संख्या में नए माननीय सदस्य सदन में आए हैं। माननीय मंत्री जी ने जब इस बिल पर विचार किए जाने का प्रस्ताव किया है, मैं भी सदन को बताना चाहता हूं कि नया बिल वर्ष 1986 के बिल को रीप्लेस करने के लिए लाया गया था। 10 अगस्त, 2015 को एक विधेयक लोक सभा में प्रस्तुत किया गया, लोक सभा के अंदर मांग हुई, सभी सदस्यों ने कहा कि इस बिल पर विचार विमर्श के लिए स्थायी समिति को भेजा जाए, इस पर और अधिक विचार किए जाने की जरूरत है। इसलिए इसे खाद्य उपभोक्ता और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति को भेज दिया गया। समिति ने अप्रैल, 2017 में अपनी रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट में कुल 37 सिफारिशें दीं, ये सिफारिशें अधिकांश भ्रामक विज्ञापनों से कैसे निपटा जाए, उत्पादों में मिलावट से कैसे निपटा जाए, केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण बनाया जाना था ...(व्यवधान) उसकी शक्तियां क्या हों, उसका कार्यकरण क्या हो, इस संबंध में थी। इन सभी सिफारिशों में छोटा-मोटा परिवर्तन करके स्वीकार किया गया। इसके बाद भी और अधिक विचार करने के लिए तय किया गया, इसे मंत्रिमंडलीय समूह में प्रस्तुत करने से पहले वित्त मंत्री जी की अध्यक्षता में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (जीओएम) के पास विचार के लिए भेजा गया। उन्होंने इस पर विचार किया, ...(व्यवधान) इसकी समीक्षा की, उसके बाद पांच सिफारिशें जीओएम के सामने इस बिल के संबंध में दी गईं। वह सिफारिशें बड़ी महत्वपूर्ण हैं। एक प्रकार से इस नए बिल का आधार बनती है। आपकी अनुमति से एक बार उसे पढ़ना चाहूंगा। पांच सिफारिशों में से पहली सिफारिश है with regard to misleading advertisements, imposition of monetary penalty by the central authority on endorsers, publishers and persons party to a publication and ban on making further endorsements and in the case of manufacturers, imprisonment and fine. दूसरी रिकॉमेन्डेशन है inclusion of product-neutral offence with graded punishment in the case of adulteration of any product containing adulterant that will cause injury to the consumer. तीसरी सिफारिश बड़ी महत्वपूर्ण है removal of overlap of powers between the Central Consumer Protection Authority and the consumer disputes redressal agencies under the Bill, by modifying the powers of the central authority. चौथी सिफारिश है National Commission to be the appellate authority against any order of the commissioner or the chief commissioner of

the Central Consumer Protection Authority. अंतिम पांचवीं सिफारिश है establishment of regional benches of the National Consumer Disputes Redressal Commission by the Central Government at such other places as may be necessary. इस प्रकार सारी सिफारिशों को सम्मिलित करते हुए और प्रत्येक स्तर पर विचार करते हुए एक नया बिल तैयार किया गया। इसे 5 जनवरी, 2015 को पार्लियामेंट में प्रस्तुत किया गया। दिसम्बर में इसके ऊपर विचार-विमर्श हुआ, 20 दिसम्बर, 2018 को उसे पारित कर दिया गया। जैसा अन्य बिलों के साथ हुआ, राज्य सभा में यह बिल पास नहीं हो सका। इस बीच सोलहवीं लोक सभा का कार्यकाल समाप्त हो गया। यह बिल लैप्स हो गया, इस कारण आज फिर इस सत्र में इस बिल को लाया गया। 8 जुलाई, 2019 को इसे पुर:स्थापित किया गया था और आज विचार के लिए प्रस्तुत है।

(1130/MK/RK)

…(व्यवधान) मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार यह बिल किसी भी प्रकार की राजनीतिक संकीर्णता का शिकार नहीं होगा और लोक सभा तथा राज्य सभा के अंदर यह बिल पास हो जाएगा, जिससे जो सामान्य उपभोक्ता हैं, उनको न्याय मिल सके।…(व्यवधान)

इस बिल में कुछ पुरानी व्यवस्थाओं को भी जारी रखा गया है, उनमें कुछ संशोधन भी किए गए हैं तथा कुछ नए प्रोविजन्स रखे गए हैं। …(व्यवधान) सबसे पहले, उपभोक्ता संरक्षण परिषद्, यह पहले भी थी, जो तीन स्तरों में थी, जिसका गठन इस बिल के अंदर किया जाएगा। प्रदेश और केंद्र स्तर पर इसके अध्यक्ष मंत्री महोदय होंगे और जिला स्तर पर जिलाधिकारी होंगे। इसके अलावा जो बहुत महत्वपूर्ण विषय है, कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेशल कमीशन, जिसको पहले हम लोग कंज्यूमर फोरम कहते थे, जिला फोरम कहते थे, उनको अब कोर्ट्स के रूप में अधिक अधिकार देते हुए इनका गठन किया जाएगा।…(व्यवधान) जो कंज्यूमर कमीशन्स हैं, इनको जिला स्तर पर, प्रदेश के स्तर पर और केंद्र के स्तर पर गठन किया जाएगा। इसके बारे में सारा विवरण बड़े विस्तार से बिल के अंदर है। ये जो कमीशन्स बनेंगे, इनको अब हम प्रचलित भाषा में कंज्यूमर कोर्ट्स कह सकते हैं। इनके अधिकारों और न्याय अधिकार को और अधिक बढ़ाया गया है । जैसे जिले में जो कंज्यूमर कोर्ट है, उसको पहले 20 लाख रुपये तक की सीमा थी अब वह एक करोड़ रुपये तक के मसले की सुनवाई कर सकता है। प्रदेश का जो कोर्ट है, उसको पहले एक करोड़ रुपये की सीमा थी, अब वह 10 करोड़ रुपये तक के मुकदमे की सुनवाई कर सकता है। जो राष्ट्रीय कमीशन है, वह 10 करोड़ रुपये या उससे ऊपर के मुकदमे की सुनवाई कर सकता है। इस प्रकार से एक बढ़े हुए अधिकारों के साथ, बढ़े हुए न्याय क्षेत्र के साथ इस कमीशन का निर्माण होगा, जिससे सामान्य ग्राहकों को बहुत राहत मिलेगी।…(व्यवधान)

इसी प्रकार से इसमें एक नई चीज जोड़ी गई है, वह केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण है। इसके अध्यक्ष मुख्य आयुक्त होंगे, उनकी सहायता के लिए अन्य आयुक्तों का भी चयन होगा। इसके इन्वेस्टिगेशन के पार्ट को देखने के लिए एक डायरेक्टर जनरल की नियुक्ति होगी। …(व्यवधान) जो सीसीपीए है, इसके माध्यम से उपभोक्ता के खिलाफ किसी भी प्रकार की यदि शरारत होती है, चाहे

वह वस्तु विनिमय में हो, नकली माल हो, चाहे विज्ञापन से संबंधित हो या व्यापार व्यवहार के अंदर कोई बेईमानी की गई है, उन सब के खिलाफ सीसीपीए संरक्षण प्रदान करेगा तथा एक बहुत बड़ा उपकरण हमारे सामान्य उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए इस बिल के अंदर बनाया गया है।...(व्यवधान)

1133 बजे (श्रीमती मीनाक्षी लेखी पीठासीन हुईं)

इसी प्रकार से इसमें एक और नई चीज जोड़ी गई है, वह है प्रोडक्ट लाइबिलिटी, चाहे वह सेवा से या वस्तु से संबंधित हो, इसमें किसकी लाइबिलिटी है, उसके बारे में कोई दंड विधान नहीं था। इस बार प्रोडक्ट लाइबिलिटी के संबंध में यदि कोई कस्टमर शिकायत करता है तो उसकी पहचान की जाएगी और फिर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। ...(व्यवधान) जैसे मैंने शुरू में कहा कि मैंने मोबाईल मंगवाया था, लेकिन मुझे पत्थर भेज दिया गया। इस प्रकार की बहुत सारी चीजें हो सकती हैं। इसमें और भी प्रोविजन्स किए गए हैं। जैसे पेनल्टीज, पेनल्टीज के बारे में किसी को भी जो गलती करता है, उसको छोड़ा नहीं गया है। ...(व्यवधान) मान लीजिए यदि कोई अन्याय होता है, तो प्रारंभ में ही जो डिस्ट्रिक्ट, स्टेट या नेशनल कमीशन्स हैं, ये उसको जो अपराधी है, जिसके खिलाफ अपराध सिद्ध हो गया है, उसको तीन साल की सजा या 25 हजार रुपये का जुर्माना, यह जुर्माना एक लाख रुपये तक भी बढ़ सकता है। यदि विज्ञापन के अंदर कोई शरारत होती है, हम जानते हैं कि विज्ञापन के अंदर बहुत शरारत होती है। उत्पाद कुछ है, उसका वर्णन कुछ और किया जाता है। ये मजाक बहुत चला करता था, आपने भी सुना होगा।...(व्यवधान) मैं उत्पाद का नाम नहीं लेना चाहता। एक साबुन का विज्ञापन चलता था कि उसको किसी के ऊपर मल दो तो वह बिल्कुल गोरा हो जाएगा। किसी ने कहा कि हमने भी भैंस के ऊपर उसका उपयोग किया तो वह एकदम से गोरी हो गई। इस प्रकार से लोग मजाक किया करते थे। उत्पाद की जो गुणवत्ता है, उत्पाद की जो सीमाएं हैं, उसके बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं देते थे। बड़े-बड़े जो सेलिब्रिटीज हैं, जिनमें अभिनेता, स्पोर्ट्स पर्सन्स होते हैं, कई बार उनके मैनेजर्स द्वारा बिना उनके कंसेंट के उनको शामिल कर दिया जाता था। ...(व्यवधान)

(1135/MK/PS)

समाज के अंदर उनका सम्मान है, इसलिए लोग उनका अनुसरण करते हैं। बहुत सारी फेस क्रीम्स हैं, बहुत सारे ऐस उत्पाद हैं। इसमें उसके खिलाफ प्रोटेक्शन दिया जाएगा। इसमें इन्डोर्सर को भी इस दंड की सीमा के अंदर रखा गया है। ...(व्यवधान) यह इसमें एक बहुत महत्वपूर्ण बात है। कई बार कुछ फंड्स के विषय में, जैसे म्यूचुअल फंड्स हैं या अन्य प्रकार के फंड्स हैं, जिसके लिए विज्ञापन होते थे, चाहे वे रेडियो पर आ रहे हों या किसी इलेक्ट्रॉनिक चैनल पर आ रहे हों, तो उसके लाभ के बारे में तो बताया जाता है, लेकिन उनकी शर्तों को बहुत तेजी से हाई स्पीड में सुनाया जाता था, जो किसी को समझ में नहीं आती थीं। ...(व्यवधान) इस प्रकार के जो छल होते थे उन छलों के प्रति एक संपूर्ण सुरक्षा इस बिल के माध्यम से दी जाएगी।

इसके अंदर एक और भी व्यवस्था की गई है। अभी हम लोगों ने मध्यस्थता का बिल भी पास किया था। मध्यस्थता के माध्यम से इन मसलों को निपटाने का प्रावधान इसके अंदर किया

गया है। यदि कोई झगड़ा है तो आपस में बैठकर, मध्यस्थता के कोर्ट किस प्रकार से काम करते हैं, मैं उसके विषय में कहने की जरूरत नहीं समझता हूं, मध्यस्थता के माध्यम से इसको सुलझाया जाएगा। …(व्यवधान) इस प्रकार के फैसले पूरे तरीके से मान्य होंगे। कई बार यह भी हो सकता है कि मध्यस्थता हुई, लोग बैठे, सबने विचार-विमर्श किया, तय भी हुआ, लेकिन दुर्भावना से सहमति बताकर वह कोर्ट में जाए, वह रास्ता इसमें बंद किया गया है ताकि इन कोर्ट्स का महत्व, सम्मान बढ़े और इन कोर्ट्स को कोई हल्के में न ले । …(व्यवधान) साथ-साथ इससे कंज्यूमर कोर्ट्स के ऊपर लोड भी कम हो जाएगा।

माननीय सभापति जी, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह बच्चा हो, शिशु हो, नौजवान हो, प्रौढ़ हो, स्त्री हो, पुरुष हो, छात्र हो या समाज के किसी भी हिस्से का रहने वाला हो तथा किसी भी आयु वर्ग का हो, उसकी उस नाते अलग पहचान हो सकती है, परन्तु उपभोक्ता सभी हैं। प्रत्येक व्यक्ति कहीं न कहीं उपभोक्ता है। इसलिए यदि उपभोक्ता को संरक्षण नहीं मिलता है तो समाज के अंदर नाराजगी और निराशा का निर्माण करता है। हमारी सरकार इन विषयों को लेकर हमेशा से संवेदनशील रही है।…(व्यवधान) हमने रेरा का जो कानून बनाया है या अनलॉफुल डिपोजिट्स स्कीम्स से संबंधित बिल, जिसको हमने पिछले सप्ताह पास किया है, ये भी इसी प्रकार के प्रयास हैं जो उपभोक्ता को राहत प्रदान करते हैं। मुझे कई बार लगता है कि हमारे कांग्रेस के मित्र वैल में हैं, हिन्दी में उसको कुआं कहते हैं, कुएं में हैं, मैं इनके विषय में क्या टिप्पणी करूं। …(व्यवधान) कई बार मुझे ऐसा लगता है कि चुनाव के समय में जो नकली वायदे किए जाते हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं बनाया जाता है। अभी हमारे एक माननीय सदस्य मध्य प्रदेश का जिक्र कर रहे थे। 30 हजार करोड़ रुपये की जरूरत है, उसमें से 4 या 5 हजार करोड़ रुपये निकाले हैं। राजस्थान में मुझे पता चला है कि 96 हजार करोड रुपये के वायदे किए गए हैं, खुद का अता-पता नहीं है। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने 24 लाख नौकरियों की बात कही। सरकार नौकरियां दे रही है, नौकरियां मिल रही हैं। यदि इसका वार्षिक तौर पर हिसाब लगाएं तो ये नौकरियां करोड़ों में हैं।…(व्यवधान) इन्होंने कोई हिसाब नहीं लगाया है। ये जीएसटी का विरोध करेंगे, नोटबंदी का विरोध करेंगे। आज देश की अर्थव्यवस्था में विस्तार हुआ है, कलेक्शन बढ़ी है, उसका एकमात्र कारण यह है कि हम सारे सैक्टर्स में ट्रांसपरेंसी लाए हैं। जो नकली वायदे किए जाते थे, अल्टीमेटरी मतदाता ही उपभोक्ता होते हैं, उनका शोषण होता था। उपभोक्ताओं के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। आदरणीय पासवान जी यदि कुछ कर सकते हैं, तो इस दिशा में जरूर करें। उपभोक्ता को पूर्ण संरक्षण प्रदान करना हमारी सरकार का प्रारम्भ से लक्ष्य है और हम निरंतर ट्रांसपरेंसी के साथ उसकी तरफ बढ़ रहे हैं।…(व्यवधान) मुझे पूरा विश्वास है कि जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है, यह उपभोक्ता संरक्षण के क्रम में माइलस्टोन सिद्ध होगा और इससे सामान्य उपभोक्ता को एक कवच प्राप्त होगा। मैं माननीय प्रधान मंत्री का और माननीय मंत्री का बहुत-बहुत अभिवादन करते हुए इस बिल का समर्थन करता हूं।…(व्यवधान)

(इति)

(1135/PS/MK)

1139 hours

SHRI BALLI DURGA PRASAD RAO (TIRUPATI): Hon. Chairperson, Madam, at the outset, I would like to thank you very much for giving me this opportunity to express my views and suggestions on 'The Consumer Protection Bill, 2019'.

The Consumer Protection Act of 1986 was enacted to provide better protection of the consumer and establishment of a Consumer Protection Council to settle consumer disputes, etc.

(1140/RC/YSH)

Though these agencies have served the purpose to some extent, the disposal of the cases has not been so fast due to various constraints in reality …(*Interruptions*).

As time is passing fast, the trend of the market products of the companies has changed like rise in the international market, emergence of global supply chains and rapid development of e-commerce which have led to a new delivery system of goods and services and provided new options and opportunities to consumer …(*Interruptions*).

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Dear Members, my request to all of you would be that when on suspicion there is a crime being committed, the CBI inquiry has been ordered. Whatever is the truth, it will come out. I would request all of you to go back to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I would request all of you to go back to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let everyone go back to his seat.

1141 hours

(At this stage, Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members went back to their seats.)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैडम, दो मिनट मेरी बात सुन लीजिए। बात यह है कि जहां नारी की बात हो रही है, जहां बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बात हो रही है। वहां हम राजनीति नहीं कर रहे हैं। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। जो घटना घटी है, हम उस विषय को सदन और पूरे हिन्दुस्तान के आम लोगों के संज्ञान में लाना चाहते हैं। एक नाबालिग लड़की का सामूहिक बलात्कार हुआ है, जिसकी सभी को जानकारी है।

HON. CHAIRPERSON: Suresh Ji, please be seated. My question to all of you is very simple. On suspicion, something wrong or untoward has happened. The CBI inquiry has been ordered. There is one view and there is contrary view also which was told by Sadhvi Ji. Now other than the CBI inquiry, what else is required to be done?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Dada, please be seated. Suresh Ji, between the two of you, you decide who wants to speak. Adhir Ji has already spoken. Whatever he said in the morning is on record. Hon. Speaker has already permitted him. A very important Bill is being discussed right now.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, we are also going to participate in the discussion on this Bill. Please give me just two minutes. I am not indulging in any kind of politicking.

HON. CHAIRPERSON: Adhir Ji, this is politicking.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will request all of you to please be constructive in your opposition.

Now Durga Prasad Rao Ji was speaking on Consumer Protection Bill. You allow him to speak.

1144 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

SHRI BALLI DURGA PRASAD RAO (TIRUPATI): Madam, at the outset, I thank you very much for giving me this opportunity to express my views and suggestions on the Consumer Protection Bill, 2019.

The Consumer Protection Act, 1986 was enacted to provide better protection to the consumers and establishment of Consumer Protection Councils to settle consumer disputes, etc. …(*Interruptions*).

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, आप बोलिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हम किसी भी तरह की राजनीति नहीं करना चाहते हैं। हम सदन के और हिन्दुस्तान की जनता के संज्ञान में लाना चाहते हैं कि एक लड़की का सामूहिक बलात्कार हुआ है, उसके पिता की मौत हुई है, जिसकी सभी को जानकारी है। सी.बी.आई. की जांच हो रही है, इसी बीच उस लड़की के ऊपर हमले हो रहे हैं, उसके रिश्तेदारों पर हमले हो रहे हैं।

(1145/RPS/SNB)

वह पीड़ित लड़की मुख्य मंत्री के घर के सामने आत्मदाह करने भी गई थी। जब सीबीआई की जांच हो रही है, उसके ऊपर हमला भी हो रहा है, चश्मदीद गवाहों को मौत के ठिकाने लगाया जा रहा है। इसका मतलब है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है। मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि वहां की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार इसमें शामिल है। मैं यह नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन वहां जो घटना घट रही है, वह हम सबके लिए बड़ी शर्मिन्दगी वाली बात है। वह भारत की बेटी है। सदन के अंदर हम हर दिन, हर समय नारी के संरक्षण, उनके अधिकार और उनके रखरखाव की बात करते हैं, लेकिन सदन के बाहर ऐसा हो रहा है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप क्या मांग कर रहे हैं?

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मैं यह मांग कर रहा हूं कि माननीय गृह मंत्री जी सदन में आएं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नहीं, यह विषय नहीं है। आप अपनी मांग रखें।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मैं यह मांग कर रहा हूं कि यह जो घटना घटी है, उसके लिए दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का इंतजाम किया जाए। …(व्यवधान) उस पीड़िता और उसकी फैमिली को प्रोटेक्शन दिया जाए। चौकाने वाली बात यह है कि जो सिक्योरिटी पर्सनेल तैनात किया गया था, जब यह घटना घटी, वह भी नदारद था। …(व्यवधान) सर, माननीय गृह मंत्री जी यहां आएं और दो बातें कहें। …(व्यवधान) सर, माननीय गृह मंत्री जी आएं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सभी माननीय सदस्यों ने निर्णय किया था कि इस सदन में राज्य के विषयों को नहीं उठाया जाएगा और यह एक राज्य का विषय है। आप जिस भी एजेंसी से जांच कराने की मांग करना चाहते हैं, मांग कर लीजिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारी मांग यह है कि जो दोषी है, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा का इंतजाम करना चाहिए और पीड़िता के परिवार को सुरक्षा देनी चाहिए। हम लोगों ने सिक्योरिटी पर्सनेल को वहां से नदारद होते देखा है, इसलिए हम लोगों को भरोसा नहीं होता। …(व्यवधान) इसकी सीबीआई जांच हो रही है। इसलिए गृह मंत्री जी यहां आएं और अपना बयान पेश करें। …(व्यवधान) हाउस और हम सभी को इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती कनिमोझी जी, आप अपना विषय पहले उठा चुकी हैं। कनिमोझी जी, पहले एक बार आप अपना विषय उठा चुकी हैं, जब शाम को ज़ीरो ऑवर होगा, तब आप डिटेल में बोल लेना।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: नहीं, एक विषय पर एक बार बोल लिया है। ठीक है।

माननीय बल्ली दुर्गा प्रसाद राव जी, आप बोलिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपने नोटिस इस विषय पर नहीं दिया है। आपने नोटिस अन्य विषय का दिया है। आपने जो नोटिस दिया था, उस पर बोलने का मौका मैंने आपको दे दिया है। मैंने आपको बोलने का मौका दे दिया है।

माननीय बल्ली दुर्गा प्रसाद राव जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

1148 बजे

(इस समय श्री अधीर रंजन चौधरी, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि और कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से बाहर चले गए।)

SHRI BALLI DURGA PRASAD RAO (TIRUPATI): Though the agencies have served the purpose to some extent, the disposal of cases has not been so fast due to various constraints in reality …(*Interruptions*)

As the time is passing fast, the trend of marketing products of companies has changed like rise in the international market, emergence of global supply chains and the rapid development of e-commerce have led to new delivery systems for goods and services and provided new options and opportunities to consumer, e-commerce, tele-marketing, multi-level marketing etc. are posing new challenges to consumer protection.

The Government is bringing this Bill to establish CCPA to look into the grievances of the consumer and to promote, protect and enforce the rights of the consumers and initiate action, including enforcing recall, refund and return of products etc.

Sir, further, "mediation" as an Alternative Dispute Resolution Mechanism has been provided for in the Bill. I would like to know from the hon. Minister the definition of `Mediation'. It is not defined in the Bill. The Bill aims at simplifying the consumer dispute process and provide provisions for filling complaints electronically etc.

CCPA will have an investigation wing headed by the Director-General which will conduct an inquiry or investigation into such violations. I would like to know from the hon. Minister about the organisational structure of CCPA. Has any fund been allocated for this? Will CCPA have State and district level investigation wings to look into the violations?

I would like to appreciate the Government for carrying out multi-media campaign, namely `*Jago Grahak Jago'* on pan-India basis covering both urban and rural areas through print, electronic and outdoor media.

(1150/RU/RAJ)

The Central Government releases funds to the States and UTs for creating awareness among consumers and ensures that campaign reaches the rural areas of the country. How much funds have the Central Government released in this regard particularly to my State of Andhra Pradesh?

We often chant that customer is the king. On this occasion, I would like to quote what the Father of the Nation, Mahatma Gandhiji, said:

> "A customer is the most important visitor in our premises. He is not dependent on us. We are dependent on him."

The Bill does not address the fundamental problem of protracted and complicated litigation, the bane of consumers, under the Consumer Protection Act, 1986. The lawmakers promised that it would redress consumers' disputes in a simple and quick manner without the help of lawyers. This Bill does not simplify procedures and prohibit lawyers or even restrict their presence to complaints of high value.

Health is wealth and it is a service extended to patients. In this terminology, the patient is called a consumer. Earlier, healthcare was not included in the service list of the Bill. The Ministry of Consumer Affairs came across the Supreme Court judgement of 1995 which said that medical services to patients involves charging of some fees and hence, it comes under the purview of the Consumer Protection Act. I appreciate the Government for including healthcare in the list.

There is a penalty of Rs. 10 lakhs and up to two years imprisonment, if any manufacturer or an endorser gives false or misleading advertisement. In case of a subsequent offence, penalty will be levied up to Rs. 50 lakhs and imprisonment of up to 5 years. I would request the hon. Minister to increase the penalty amount to Rs. 25 lakhs for initial false or misleading advertisement. For the subsequent offence, the penalty imposed may be up to Rs. 1 crore.

CCPA can also prohibit the endorser or manufacturer for misleading advertisement from endorsing particular product or service for a period of up to one year. For the subsequent offence, this period may be extended to three years. However, in this Bill, there are certain exceptions mentioned when endorser will not be held liable for such a penalty. I want to know from the hon. Minister as to what those exceptions are. Those exceptions should be

understood by the consumers easily. They should be aware of the exceptions under which an endorser will not be held responsible for such a penalty.

There is no time frame for disposal of cases. Consumer complaints should be disposed of in less than 90 days with a minimum number of adjournments but in reality, very few cases meet the benchmark and most cases take more than a year to two years.

As per the *Deccan Herald* news report dated 4.4.2019, a total of 1.5 lakh cases are pending in the consumer courts. One of the reasons for poor implementation of CPA is the absence of a strong and vibrant consumer movement in India.

With these observations, I want to conclude my speech and support this Bill.

(ends)

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : सौगत राय जी, आप क्या बोलना चाहते हैं?

प्रो. सौगत राय (दमदम): सर, मैं इतना ही बोलना चाहता हूं कि उन्नाव रेप विक्टिम पर जो जानलेवा हमला हुआ, हम इसका प्रतिवाद करते हैं।...(व्यवधान) हमें सीबीआई इनक्वायरी में यकीन नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : चलिए, उन्नाव का मामला हो गया।

...(व्यवधान)

उपभोक्ता संरक्षण विधेयक – जारी

माननीय अध्यक्ष : चन्देश्वर प्रसाद जी – उपस्थित नहीं।

श्री रमेश चंद्र माझी – उपस्थित नहीं।

श्री रणजीत रेड्डी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री रणजीत रेड्डी जी की बात अंकित हो और किसी की बात अंकित नहीं हो।

…(व्यवधान)*… (Not recorded)*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य आपस में चर्चा न करें।

श्री रणजीत रेड्डी जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

(1155/NKL/IND)

1155 hours

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): Hon. Speaker Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to talk on the rights of the consumer.

If you look into the rights, what exactly are the rights of the consumer regarding the consumer products? They have the right to know about the quality of the product, quantity of the product, pricing and purity of the product, potency of the product, and the standard of goods and services. Has the Bill really taken care of all these rights? I would say that it is partially right because all the rights have not been considered in this Bill. So, through you, I would request the hon. Minister to look into these things.

As such, the consumer is facing umpteen problems as far as the quality and quantity of the product is concerned. After the advent of e-commerce, the problems have been doubled, be it relating to quality of the products or getting the damaged goods. I was reading Clause 2 (16) in which 'e-commerce' has been defined. It says:

> "'e-commerce' means buying or selling of goods or services including digital products over digital or electronic network"

I heartily welcome this. If you look at Clause 94, it simply says:

> "…the Central Government may take such measures in the manner as may be prescribed."

Through you, I would request the hon. Minister to look into exactly what action the Government is going to take regarding these damaged goods instead of merrily saying that the bureaucracy will answer it.

The second point I wish to make is relating to recognition of consumer rights. The rights are amply defined in the Bill but when it comes to defective goods or bad services, the Bill does not clearly say about the action to be taken against this. The Bill only proposes the product liability from Clause 82 to Clause 87, and penalties from Clause 88 to Clause 93. I was looking whether the agreement can be terminated in case the damaged goods are being supplied to the consumers. Sometimes, even bricks are supplied instead of regular products. So, through you, I request the hon. Minister to look into this matter. My only request to you is to consider implementing some penalty clauses whenever damaged goods are supplied to the consumer.

The third point is relating to MRP. Whatever MRP is mentioned on the product, the retailer is bound to sell it only at that price. But sometimes, they charge above MRP depending upon the season. Suppose, the cold drinks are to be sold at Rs. 30. In summer season, additional Rs. 2 are being charged by the retailer saying that these are the refrigerator charges. The Bill does not clearly say about the punishment for retailer if he is selling the product above MRP. So, I request the hon. Minister to look into this.

The next point is relating to false or misleading advertisements. I welcome Clause 89 of the Bill which deals with false or misleading advertisements. But the Bill deals only with the manufacturer or the service provider, and is silent about what is going to be done against the celebrities. The celebrities who are playing a very big role in advertisements are being excluded from the Act. I request the hon. Minister that along with the manufacturer and the service provider, even the celebrities have to be charged because they have a big impact on the consumers.

The next point is relating to Clause 2 (1) which defines about what constitutes an advertisement. But it is silent on passive or indirect advertisements, for example, advertisements relating to liquor, *pan masala*, or cigarettes. These are totally banned in the print and electronic media. But the companies promote their brands indirectly through passive advertisements. I was going through the Bill and looking whether there is any clause which deals

with such advertisements but I found that there was no mention of it in the Bill. Through you, I suggest the hon. Minister to also consider including proxy or passive advertisements in the Bill.

The next point is relating to Clause 2 (42) of the Bill which deals with 'service'. When we look into the definition of service, it means service of any description made available to users by various service providers, including banks. But I was really astonished when the RBI said that banks are not responsible for the loss of valuables kept in lockers. So, through you, I would like to know from the hon. Minister that why the items we deposit in the bank lockers are being exempted. I would also like to know from the hon. Minister as to how is he going to address this serious problem.

Finally, after passing this Act in 1986, we had three amendments. One was in 1991, second in 1995, and the third one in 2002. But the problems still remain unsolved, and new problems are mushrooming.

(1200/KKD/PC)

I do not know how this new regulation will stand up to the market dynamics, multilevel delivery chain, and innovative misleading approach of companies and service providers.

I hope that with the proposals of the Bill if the suggestions given by all the hon. Members in the House are included in the Bill, it would definitely improve the state of affairs between the consumer, the manufacturer, and the service provider. Otherwise, I have no hesitation to say that the initiatives will be again like watering a dead plant.

With these observations, I am anticipating that the hon. Minister will give a serious thought to all the suggestions being made by the House.

Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity. With these words, I conclude my speech.

(ends)

1201 hours

SHRI M.K. VISHNU PRASAD (ARANI): Hon. Speaker, Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on this important Bill.

Every time this Government brings a Bill, it gives us a moral will. The people of India are feeling ill. At the end of the day, this Government is going to do nil.

All the time, the Minister says, this Bill has some modifications. But out there, public says: "Is it modification or '*Modi'fication*? …(*Interruptions*) it is because there are some small changes. One of the hon. Members said, 'This Government is full of light, it has an era of hope and an era of brightness'. But I would rather say that this Government has an era of opaqueness, an era of highhandedness, an era of zero democracy, and at the end of the day, the people are going to give them a very big result, which they are going to see in the near future. It is because these Bills are only centralised in their powers. They are not trusting their own States. They are not trusting their own Chief Ministers. They are only taking all the powers in their hands. It is a one line agenda –'centralisation of all the powers'. That is happening in this current Parliament.

Then, what is the point in having so many clauses in a Bill, when they are going to club all the clauses in one clause and say, 'at the end of the day, the Central Government will decide; at the end of the day, the Central Government will rule.'? They say: 'You do not have the right to go to the court. You cannot go for a suit." This is the sad Government. This is the Government that we are facing and people are suffering.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SHRI RAMDAS ATHAWALE): People are not suffering; you are only suffering …(*Interruptions*)

SHRI M.K. VISHNU PRASAD (ARANI): Absolutely, Mr. Minister, people are suffering …(*Interruptions*)

Sir, we can say with pride that it was we who brought Aadhaar card.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय मंत्री जी को बोलने की विशेष अनुमति है।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI M.K. VISHNU PRASAD (ARANI): Mr. Speaker, with pride we can say that the UPA Government brought the Aadhaar card. But this Government made it as a 'Bother' card. For everything, Aadhaar is becoming 'botheration'. People are suffering day by day because of the Bills that they are bringing day by day.

Now, let us talk about the Consumer Protection Bill. Who is the consumer? It is he who consumes, who buys and sells. See, where it all started? In a small manner, in the olden days, the small theft started by changing the weights, by changing the measuring tapes. The consumer did not know what happened then. This is how the consumer was suffering.

खंड 6

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I am not moving my amendment No. 14.

माननीय अध्यक्ष: डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): The Minister has given his assurance that this will be in the rules. So, I am not moving my amendment No. 20.

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी ने तो सबके लिए कह दिया है कि आओ बैठें, बात करें, चर्चा करेंगे। अब मुझे नहीं लगता है कि इससे बड़ी बात कोई माननीय मंत्री जी कहेंगे।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 7 से 9 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 10

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 11, lines 43 and 44,-

for "such number of other Commissioners as may be prescribed" (15)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 10 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 15 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 10 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 11 से 14 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 15

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I am not moving amendment No. 21.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 15 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 15 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 16

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I am not moving amendment No. 22.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 16 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 16 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 17 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 18

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

after "consumer rights"

insert "with regard to price, weight or quality of goods and services". (16)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 18 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 16 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

(1500/KN/RK)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 18 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 18 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 19 से 27 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 28

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती प्रतिमा मंडल, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहती हैं?

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR): I beg to move:

Page 16, *for* line 42,-

substitute "(a) a President, who shall be a retired High Court Judge; and". (17)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्रीमती प्रतिमा मंडल द्वारा खंड 28 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 17 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I beg to move:

Page 16, *for* lines 43 and 44,-

substitute "(b) not more than ten members to be appointed by the State Government". (18)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 28 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 18 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I beg to move:

Page 16, *for* lines 41 to 44,-

substitute "(2) Each District Commission shall consist of-

(a) a person who is, or has been, or is qualified to be a District Judge, who shall be its President;

(b) two other members, one of whom shall be a woman, who shall have the following qualifications, namely:-

(i) be not less than thirty-five years of age,

(ii) possesses a bachelor's degree from a recognised university, and

(iii) be persons of ability, integrity and standing, and have adequate knowledge and experience of at least ten years in dealing with problems relating to economics, law, commerce, accountancy, industry, public affairs or administration.". (24)

Page 16, *after* line 44,-

insert "Provided that any person shall be disqualified for appointment as a member, if he-

(a) has been convicted and sentenced to imprisonment for an offence which, in the opinion of the State Government, involves moral turpitude; or

(b) is an undischarged insolvent; or

(c) is of unsound mind and stands so declared by a competent court; or

(d) has been removed or dismissed from the service of the Government or a body corporate owned or controlled by the Government; or

(e) has, in the opinion of the State Government such financial or other interest as is likely to affect prejudicially the discharge by him of his functions as a member; or

(f) has such other disqualifications as may be prescribed.

(3) Every member of the District Commission shall hold office for a term of five years or up to the age of sixty-five years, whichever is earlier.". (25)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं डॉ. शशि थरूर द्वारा खंड 28 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 24 और 25 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 28 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 28 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 29 से 38 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 39

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 21, line 46,-

for "twenty-five per cent."

substitute "fifty per cent." (34)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 39 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 34 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 39 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 39 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 40 और 41 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 42

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 42 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 42 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 43

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, since the Minister has assured that it will be discussed with us, I am not moving any further amendments.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 43 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 43 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 44

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 44 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 44 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 45 से 53 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 54

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I will move these amendments simply because the Minister has agreed with the substance of what I have said. हम मंत्री जी के समर्थन से करते हैं।

I beg to move:

Page 25, *for* lines 27 to 29,—

Substitute "(a) a person who is, or has been, a Judge of the Supreme Court, to be appointed by the Central Government, who shall be its President:

Provided that no appointment under this clause shall be made except after consultation with the Chief Justice of India.

(b) not less than four, and not more than such number of members, as may be prescribed, and one of whom shall be a woman, who shall have the following qualifications, namely:-

(i) be not less than thirty-five years of age.

(ii) possesses a bachelor's degree from a recognised university,

(iii) be persons of ability, integrity and standing, and have adequate knowledge and experience of at least ten years in dealing with problems relating to economics, law, commerce, accountancy, industry, public affairs or administration:

Provided that not more than fifty per cent of the members shall be from amongst the persons having judicial background.". (28)

Page 25, *after* line 29,-

insert 'Explanation. – For the purposes of this clause, the expression "persons having judicial background" shall mean persons having knowledge and experience for at least a period of ten years as a presiding officer at the district level court or any tribunal at equivalent level:

Provided further that a person shall be disqualified for appointment, if he –

(a) has been convicted and sentenced to imprisonment for an offence which, in the opinion of the Central Government, involves moral turpitude; or

(b) is an undischarged insolvent; or

(c) is of unsound mind and stands so declared by a competent court; or

(d) has been removed or dismissed from the service of the Government or a body corporate owned or controlled by the Government; or

(e) has, in the opinion of the Central Government, such financial or other interest as is likely to affect prejudicially the discharge by him of his functions as a member, or

(f) has such disqualifications as may be prescribed.'. (29)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं डॉ. शशि थरूर द्वारा खंड 54 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 28 और 29 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 54 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 54 विधेयक में जोड़ दिया गया।

(1505/CS/PS)

खण्ड 55

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): One day if the Government would also listen to common-sense suggestions, the exercise would be more useful.

I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 55 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 55 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 56 से 99 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खण्ड 100

माननीय अध्यक्ष : डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं?

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I am not moving.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 100 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 100 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 101 से 107 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

श्री रामविलास पासवान : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री रामविलास पासवान : आप सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

मजदूरी संहिता

1508 बजे

माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर 7 - मजदूरी संहिता, 2019.

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

> "कि मजदूरी और बोनस संबंधी विधियों का संशोधन और समेकन करने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ विषय रखना चाहेंगे?

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदय, मैं इस संदर्भ में कुछ बोलना चाहता हूँ।

महोदय, अभी 17वीं लोक सभा में पहली बार सांसदों के साथ संवाद में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने गरीब और गरीबी से लड़ने वाले अनेक आदर्शों को हमारे समक्ष रखा था। इन्हीं आदर्शों की सोच को साकार करने वाला यह मजदूरी संहिता बिल मैं सदन में पेश करना चाहता हूँ। वर्तमान श्रम कानून बहुत पुराने समय के हैं, इनमें से 17 श्रम कानून तो 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और कुछ कानून तो आजादी से पहले के हैं। बदलती हुई सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति के अनुरूप इन श्रम कानूनों को तर्कसंगत, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाने के लिए आदरणीय अटल जी की सरकार ने द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग का गठन किया था। श्रम आयोग ने अपनी सिफारिशें वर्ष 2002-03 में सरकार को दे दीं थीं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि उसके बाद, सरकार के परिवर्तन के बाद अगले दस वर्षों तक इन सिफारिशों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

(1510/RV/RC)

वर्ष 2014 में आदरणीय मोदी जी की सरकार बनने के बाद इन श्रम सुधारों को प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्य करने के लिए लिया गया है। आज आप हम से यह कह सकते हैं कि हमारी सरकार को पाँच साल हो गए हैं और फिर भी इतनी देर क्यों लग रही है तो इस संदर्भ में मैं आपको बताना चाहूंगा कि श्रम मंत्रालय में कोई भी परिवर्तन करने के लिए सभी बड़े श्रमिक संगठनों, जिनकी संख्या 13 है, सभी नियोक्ताओं और सभी राज्य सरकारों के साथ इसके बारे में पहले चर्चा करनी पड़ती है। उसके बाद आम राय के पश्चात् ही हमारे लिए इसमें कोई परिवर्तन करना संभव हो पाता है।

अध्यक्ष जी, इस कोड को बनाने से पूर्व 10 मार्च, 2015 को पहली त्रिपक्षीय वार्ता हुई, जिसमें श्रम संगठन, नियोक्ता और राज्य सरकारें, तीनों पक्ष शामिल हुए थे। दूसरी त्रिपक्षीय वार्ता 13 अप्रैल, 2015 को हुई थी। इसके अतिरिक्त अनौपचारिक रूप से भी दिन-प्रतिदिन कोई न कोई शिष्टमंडल इस संदर्भ में मेरे पास आता रहा और उनसे मिलकर हम बातचीत करते रहे। लोगों ने जो सुझाव दिए, सरकार ने उन पर विचार किया।

महोदय, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि सर्वप्रथम इस कोड-ऑन-वेजेज़ का एक ड्राफ्ट हमने 21 मार्च, 2015 से 20 अप्रैल, 2015 तक मंत्रालय की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में भी

डाला था। उसमें आम जनता ने बढ़-चढ़ कर अपने सुझाव भी दिए थे और उन सुझावों को हम लोगों ने इस कोड में कंसिडर भी किया है।

अध्यक्ष जी, इन सब चर्चाओं के बाद कोड-ऑन-वेजेज़ को सोलहवीं लोक सभा में 10 अगस्त, 2017 को तत्कालीन श्रम मंत्री श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने पेश किया था। तत्पश्चात् श्री किरीट सोमैया जी की अध्यक्षता वाली स्टैण्डिंग कमेटी ने अपनी एक विस्तृत रिपोर्ट 18 दिसम्बर, 2018 को दी थी। इसलिए, अब यह बिल सत्रहवीं लोक सभा में पेश किया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, कोड-ऑन-वेजेज़ पर स्टैण्डिंग कमेटी ने 24 अनुशंसाएं की थीं। उनमें से 17 अनुशंसाओं को सरकार ने मान लिया। मैं आपके माध्यम से स्टैण्डिंग कमेटी के सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने इस कोड-ऑन-वेजेज़ में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

महोदय, हम सभी जानते हैं कि श्रम मंत्रालय 32 केन्द्रीय श्रम कानूनों को चार कोड्स में समाहित कर रहा है। इसी दिशा में, कोड-ऑन-वेजेज़ है, जिसके अन्तर्गत वेजेज़ से संबंधित चारों एक्ट्स समाहित हो रहे हैं। इनमें पहला, पेमेन्ट ऑफ वेजेज़ एक्ट, जो वर्ष 1936 का है, आज़ादी से भी ग्यारह साल पहले का है। दूसरा, मिनिमम वेजेज़ एक्ट, 1948 है, जो लगभग 71 वर्ष पुराना है। तीसरा, पेमेन्ट ऑफ बोनस एक्ट, 1965 है और चौथा, इक्वुअल रिम्युनरेशन एक्ट, 1976 है। इस संदर्भ में मैं आपको बताना चाहूंगा कि वास्तव में कोड-ऑन-वेजेज़ के द्वारा हमारे देश में संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए हम लोग एक बहुत बड़ा काम करने जा रहे हैं। अभी करीब 50 करोड़ हमारे मजदूर भाई-बहन हैं। हमारी सरकार इन सबके लिए न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार देने का काम कर रही है, जो ऐतिहासिक है और आज़ादी के बाद पहली बार हम लोग मिल कर यह कदम उठा रहे हैं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्तमान में यह न्यूनतम मजदूरी केन्द्र में 45 और राज्यों में कुल 1709 प्रकार के शेड्युल्ड इम्प्लॉयमेंट्स में ही उपलब्ध है। इस कानून के बनने के बाद सभी मजदूर भाई-बहनों को न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार मिल जाएगा। समाज के सभी वर्गों को, जो अब तक न्यूनतम मजदूरी की परिधि से बाहर थे, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के लोगों को, चाहे वे एग्रीकल्चर वर्कर हों, चाहे वे ठेला चलाने वाले हों, सिर पर बोझा ढोने वाले हों, घरों में सफाई और पुताई का काम करने वाले हों, ढाबों में काम करने वाले हों, घरों में काम करने वाली माताएं-बहने हों या गली-मुहल्लों व विभिन्न प्रतिष्ठानों की रखवाली करने वाले चौकीदार हों, समस्त कार्य बल को इस कानून के बनने के बाद न्यूनतम मजदूरी का अधिकार मिल जाएगा।...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम): यह किस एक्ट में है कि ये सब लोग उसके अन्डर होंगे?

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, मैं बस पाँच मिनट का समय लूंगा। मुझे बोल लेने दीजिए। इसके बाद आपकी बात सुनेंगे।...(व्यवधान) आपकी बात बिल्कुल सही है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपको बताना चाहूंगा कि आई.एल.ओ. ने वर्ष 2011 और 2012 में एक स्टडी की थी। इसके अनुसार भारत में 32 प्रतिशत श्रमिक ही न्यूनतम मजदूरी के दायरे में आते थे। अगर हम यह भी मान लें कि सात-आठ सालों में इसमें अतिरिक्त श्रमिक आकर इनकी संख्या बढ़ गई है तो यह संख्या 40 प्रतिशत ही हो रही है। मैं इतना कह सकता हूं कि आज लगभग 40

प्रतिशत श्रमिक ही न्यूनतम मजदूरी का लाभ ले रहे हैं तो इस कोड को कानूनी मान्यता मिलने के बाद बचे हुए 60 प्रतिशत, जिनकी संख्या कम से कम 30 करोड़ है, उन श्रमिकों को भी न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार प्राप्त हो जाएगा। इसी कारण यह एक ऐतिहासिक कदम हमारी सरकार उठाने जा रही है।

महोदय, इस कोड में दूसरी मुख्य बात, जो हम लेकर आ रहे हैं कि अक्सर यह देखा गया है कि कई मामलों में लोगों को उनका वेतन या मेहनताना महीने के अन्त में नहीं मिलता है। कभी-कभी तो इसमें दो-दो, तीन-तीन महीने लग जाते हैं और उस श्रमिक या मजदूर को उसका मेहनताना नहीं मिलता है। अब उसके परिवार के सामने कितनी समस्याएं होंगी, हम इसका अंदाजा लगा सकते हैं।

(1515/MY/SNB)

अध्यक्ष जी, सभी को न्यूनतम मजदूरी मिले और समय पर न्यूनतम मजदूरी मिले, यह हमारी सरकार की जिम्मेदारी है और इस कोड में हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं। मासिक वेतन वालों को अगले महीने की 7 तारीख तक, साप्ताहिक आधार पर काम करने वालों को सप्ताह के अंतिम दिन तथा दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर भाई-बहन को उसी दिन मजदूरी मिले, इसका प्रावधान इस कोड में किया जा रहा है। चाहे दैनिक मजदूर हो, साप्ताहिक मजदूर हो या मासिक मजदूर हो, समस्त कार्यबल को समय पर वेतन मिले, उसके लिए हम इस कोड के माध्यम से मजदूरी सुनिश्चित करने का काम कर रहे हैं।

तीसरी सबसे महत्वपूर्ण बात मैं आपके सामने लाना चाहता हूं कि कितनी न्यूनतम मजदूरी तय की जाएगी। अध्यक्ष जी, हम सब जानते हैं कि आज की स्थिति में केन्द्र एवं राज्य सरकारें अपने-अपने परिक्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी की दरें तय करती हैं। वर्ष 2017 में केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय परिक्षेत्र में, जिसके अंतर्गत रेल, पोर्ट, माइन्स, ऑयल सेक्टर, बैंकिंग, इंश्योरेंस आदि समस्त पीएसयूज़ आती हैं। न्यूनतम मजदूरी के मामले में हमारी सरकार ने 42 परसेंट की ऐतिहासिक वृद्धि की थी और यह वास्तव में एक ऐतिहासिक कदम था। वर्ष 2017 से पहले और वर्ष 2017 की न्यूनतम मजदूरी की दरों का मैं थोड़ा-सा उल्लेख करना चाहूंगा। केन्द्र सरकार अकुशल श्रेणी में वर्ष 2017 से पहले 237 रुपये प्रति देती देती थी, जो वर्ष 2017 के बाद 333 रुपये हो गए। अति कुशल को 312 रुपये देती थी और वर्ष 2017 के बाद वह 438 रुपये हो गया। गैर कृषि, यानी कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में अकुशल श्रेणी में 374 रुपये मिलते थे और वर्ष 2017 के बाद 523 रुपये हो गया। अति कुशल श्रेणी में 495 रुपये मिलता था और वर्ष 2017 के बाद हम 693 रुपये दे रहे हैं। हमारी सरकार ने वास्तव में एक ऐतिहासिक फैसला लिया था।

राज्यों को अपने परिक्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी तय करने का अधिकार रहता है, परंतु कई राज्यों ने शेड्यूल एम्प्लॉयमेंट में भी काफी कम न्यूनतम मजदूरी तय की हुई हैं। मैं उनके मजदूरी की दरों का उल्लेख नहीं करना चाहता हूं, बल्कि मैं इतना ही कह सकता हूं कि कुछ राज्यों ने 69 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी हैं और कुछ राज्यों ने 115 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी हैं। मैं उन राज्यों

का नाम लेना उचित नहीं समझता हूं, परंतु वास्तव में अब इस विसंगति को दूर करने के लिए हम लोग काम कर रहे हैं।

इस कोड के अंतर्गत एक फ्लोर वेज तय किया जाएगा। यह फ्लोर वेज एक त्रिपक्षीय संस्था द्वारा तय किया जाएगा, जिसके अंतर्गत ट्रेड यूनियन्स, नियोक्ता और राज्यों के संयुक्त परामर्श के बाद निर्णय लिया जाएगा और इसको निर्धारित किया जाएगा। इस कोड के आने के बाद त्रिपक्षीय संस्था ही फ्लोर वेज की संस्तुति करेगी और केन्द्र सरकार नोटिफाई करेगी। फ्लोर वेज में न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी किसी मजदूर भाई-बहन को किसी राज्य में नहीं दी जाएगी।

मैं इस विषय में सदन में एक बार फिर से कहना चाहता हूं कि इस कोड द्वारा न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार और फ्लोर वेज का प्रावधान किया जा रहा है। मैं दो-तीन मिनट में ही अपनी बात समाप्त करूंगा। अभी हम न्यूनतम मजदूरी और फ्लोर वेज की कोई भी दर इसमें फिक्स नहीं कर रहे हैं। जब हम लोग इस बारे में मीटिंग करेंगे, तो उसके बाद तय करेंगे। इस विषय में मैं सदन को एक बार फिर से स्पष्ट करना चाह रहा हूं कि यह दर एक त्रिपक्षीय संस्था द्वारा तय की जाएगी, जिसमें ट्रेड यूनियन, एम्प्लॉयर और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भविष्य में न्यूनतम मजदूरी की दर क्या होगी? इस कोड के लागू होने के बाद इस व्यवस्था द्वारा तय की जाएगी। उसी प्रकार से मजदूरी का फ्लोर वेज जैसे 100, 150 या 176 रुपये होगी। सभी माननीय सदस्यों से मेरा आग्रह है कि आप सभी लोग अपने सुझाव दें। वास्तव में यह एक ऐतिहासिक फैसला है। हमारे कुछ साथी हमसे हमेशा मिलकर इस बारे में बताते रहे हैं। मैं चाहूंगा कि इस संदर्भ में अगर कोई और सुझाव है, तो आप उसे हमें दें। आगे हम उस संदर्भ में विचार करेंगे।

(इति)

माननीय अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि मजदूरी और बोनस संबंधी विधियों का संशोधन और समेकन करने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

1519 hours

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, thank you for giving me this opportunity to take part in the discussion on this Wages Code Bill, 2019.

1519 hours (Shrimati Meenakshi Lekhi *in the Chair*)

Madam, as I rise to elucidate my views and observations on the Wages Code Bill, 2019, I am certain of one aspect that looms large over the very existence of this Bill. There was no special circumstance or contingency to codify and amalgamate the existing labour laws. Apart from the hurry shown to bring this Bill, there has not been any discussion or consultation with different stakeholders concerned with this legislation, including trade unions and other representatives.

(1520/RU/CP)

It shows an indifferent attitude and lack of democratic spirit of this Government.

The hurried promulgation on the other hand exposes one factor that the Bill is designed to benefit the corporates. The vast labour and trade unions of the country have rejected the content and exposed the intent of the Bill and the trade unions are on a path of protest and agitation against the anti-labour approach of this Government.

While talking about the trade unions, I must mention about the BMS. *… (Not recorded)* trade union is the BMS. Of course, what is the stand of the BJP Government about the Wage Code Bill and other labour reforms brought by this Government in Parliament? From the beginning, *… (Not recorded)* Trade Union, the BMS, strongly opposed it. They also joined the trade unions protest throughout the country. They also joined the *Bharat Bandh*. They also joined the nation-wide strike. Now, other trade unions are all united but the BMS has gone in their own way because of the compulsion of the Government, the compulsion of the BJP leadership and the compulsion of the RSS Sangh Parivar at the back. So, the BMS has come out from the joint protest.

What I am trying to say is that your trade union is also not supporting the Wage Code. The BMS leaders are also strongly opposing this Bill. All other trade unions stand united against this Wage Code. They called for *Bharat Bandh*. Even then, the Government is very much adamant to bring this Wage Code and other labour reforms.

All labour laws were promulgated by the Congress in this country. Our only aim is to protect the welfare and interests of the labourers and working class. Since 1947, from the era of Nehru ji to Dr. Manmohan Singh, no labour legislation was enacted that excluded the working class and labourers. The then Governments stood with the largest work force which built India brick by brick.

While speaking on the legislation for the poor, can the BJP show a single legislation that aims to protect the poor and the working class? Can they show a single piece of legislation that took away the burden of the labourers? No, they cannot show it. Whereas the Congress Governments promulgated the ESI Act, the PF Act, the Bonus Act, the Minimum Wages Act, etc. I am not mentioning other labour laws. Each of these legislations were stepping stones for the working class and enabled it to take another step towards prosperity, decent remunerations and benefits for them.

Now you are going to destroy the ESI. You are even objecting or opposing the PF pension. My friend introduced a Private Members Bill. You gave an assurance in this House but what have you done outside in the Supreme Court? You vehemently objected to the enhancement of the PF pension. This is your attitude against the poor workers.

(1525/NKL/NK)

The UPA Government enacted several landmark legislations that can be defined as Magna Carta-like declarations emancipating the poor including the Act for manual scavengers, Act for welfare of unorganised sector, and above all, the MGNREGA in which the spirit of Gandhian ethos of reaching out to the last man standing and granting him his right to earn and life was promulgated.

I must thank the stellar efforts undertaken by the hon. UPA Chairperson, Madam Sonia Gandhi*ji* in standing for the poor of this country, and endorsing MGNREGA that gave hope and help to many a family which were on the brink of poverty. Now, what are you going to do in MGNREGA? Your Government has declared a war against MGNREGA. After the Budget was presented in this House, I went to my constituency. Thousands of MGNREGA workers came to meet me. In my Constituency, in rural area, many MGNREGA workers work there. I met the poor women workers. They were very much afraid because of a rumour that you are going to stop MGNREGA, you are going to reduce the

wages, and you are going to reduce the working days. This is the situation arising in our country as far as MGNREGA is concerned.

So, your Government, the Modi Government has declared a war against MGNREGA by cutting down allocations, stoppage of wages, and non-allocation of work days. Then, you say that this Government is pro-poor, this Government is pro-workers, and this Government is pro-people. How can you prove that? I have seen your attitude towards MGNREGA.

Madam Chairperson, I must say, the Government hates to see the poor prosper, and wishes well for the rich and powerful. By promulgating the code of wages, the Modi Government has decided to sow the seeds of unrest and frustration among the working class which will in turn consume the entire industrial sector, and that will drown this Government's plans with it.

The blatant support for the corporate is an indicator of the days to come where poor will be side-lined, and every single labourer will stand to lose his rights, his wages, his emoluments, and even rights to protest against discrimination in this code of oppression.

Madam Chairperson, such a situation, I must warn the House, will vitiate the investment atmosphere and disturb the harmonious existence of the working class and the employers in the country. In such a stage, the trade unions are on the war path. If you want to modify the existing labour laws, you can modify them with consultation of the trade unions and tripartite discussions. You had a discussion with the trade unions but it was an eye-wash. After that, you went your own way. You can say that the Government had discussion with the trade unions. Of course, it might be. But no conclusion was arrived at with the leaders of the trade unions, and during tripartite discussions. You are bringing this Bill without any conclusion.

(1530/KKD/MK)

How would the trade unions agree with this Code on Wages? That is why, they are aggressively going in for an agitation against this piece of legislation. Our industrial sector is not peaceful today because the workers are unitedly against this act of the Government.

The Code on Wages, 2019 amalgamates four labour laws relating to wages and bonus, namely, Payment of Wages Act, 1936; Minimum Wages Act, 1948; Payment of Bonus Act, 1965; and Equal Remuneration Act, 1976

into a single Code, and provides for a National Minimum Wages for all workers.

While this might appear to be a grand decision, in fact and in reality, it is what you call 'to pull the wool over someone's eyes' and conceals one's vision away from the truth.

But the truth is that the country has witnessed the largest ever unemployment rate at a historical high of 46 per cent. The truth is that a hastily cooked up GST and demonetisation have broken the back of the small and medium scale entrepreneurs, of the farmers and of traditional businesses to a point of no recovery. The truth is that the opportunities in every other sector where people are employed starting from manufacturing to sales and services, are getting dried up. Frustrated and disappointed people are ending their lives as they are unable to cope up with the loss of jobs.

It is against this context that the Code on Wages, 2019 must be read and studied.

Madam Chairperson, I would like to point out certain areas of concern as it affects the welfare of the labourers. The hon. Minister is very much aware that the Code on Wages has denied the agreed formula of wage calculation as per the 15th Indian Labour Conference, and add on 25 per cent as directed by the Supreme Court Judgment in *M/s.Raptakos Case,* and which was repeatedly and unanimously accepted by the 45th and 46th Indian Labour Conferences.

The recommendation of the Supreme Court was ignored by the Expert Committee appointed by the Central Government, which excluded any participation from the trade unions; and the Labour Minister on 10th July, 2019 unilaterally announced the National Minimum Wage as Rs. 4,628 per month whereas the 7th Central Pay Commission recommended Rs. 18,000 per month as the Minimum Wages with effect from 1st January, 2016.

Madam, clause 9(1) of the Bill says:

> "The Central Government shall fix floor wage taking into account minimum living standards of a worker in such manner as may be prescribed:
>
> Provided that different floor wage may be fixed for different geographical areas. "

This point is very important. While speaking about a National Minimum Wage, instead of providing for a uniform National Minimum Wage for the entire country, the provisioning of different National Minimum Wages to be fixed for different States, is an attempt at hoodwinking the working class.

Madam, I am raising a very important point here. They have totally rejected the recommendations of their own Expert Committee – the Anoop Satpathy Committee -- on determining the methodology for fixing the National Minimum Wages.

(1535/RP/YSH)

It sets the single value of national minimum wage for India at Rs. 375 per day or Rs. 9,750 per month as of July, 2018 irrespective of sectors, skills, occupations and rural and urban locations along with an additional house rent allowance (city compensatory allowance), averaging up to Rs. 55 per day that is Rs. 1,430 per month for urban workers over and above the national minimum wage.

The hon. Minister for Labour, Shri Santosh Gangwar ji, had mentioned the preface of the Report in his letter that it will also be helpful for the National Advisory Board.

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI): Suresh ji, your Party's time was 23 minutes. You have another Member to speak. So, I am just informing you.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Madam, I am a former Labour Minister also.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): I am concluding. I am only mentioning some points.

The hon. Minister is also very much aware of this. He mentioned the preface of the Report in his letter that it will also be helpful for the National Advisory Board on Minimum Wages to take some firm decisions for the benefit of wage earners in the country, especially, workers in the unorganised sector. So, the Bill is against this decision. Hon. Minister, you have announced one decision and you are bringing another.

As one can observe, the Report had been a perfect excuse to divert the attention of the stakeholders while the Government silently went ahead with its plot to set a different agenda that upsets the welfare of the labourers.

Therefore, this Bill is anti-labour. This Bill is totally against the working class. You should understand the feeling of the working class of this country. All the trade unions are being ignored. Again, you have to go back to the trade unions. You should call them and take their opinion. There should be a tripartite discussion. You have to accept their suggestions and views. Then only, you can implement this Wage Code Bill easily.

With these words, I conclude.

(ends)

1538 hours

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे मजदूरी संहिता 2019 पर बोलने का मौका दिया। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं साथ ही श्रम मंत्री संतोष गंगवार जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं। सभापति महोदया, हम जानते हैं कि यह विधेयक पिछली लोक सभा में आया था और श्रम संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था। श्रम संबंधी स्थायी समिति में इस पर काफी विचार विमर्श हुआ था और उन्होंने अपनी रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की थी। लोक सभा में उस पर चर्चा भी हुई और विधेयक पारित भी हो गया था, लेकिन लोक सभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह बिल दोबारा हमारे सामने आया है। इस बार इस विधेयक में पिछले विधेयक की तुलना में अंतर है। इस बार जो विधेयक आया है, उसमें श्रम संबंधी स्थायी समिति के द्वारा जो सुझाव दिए गए थे उन 24 सुझावों में से 17 सुझावों को इसमें शामिल किया गया है। इसके लिए मैं श्रम मंत्री महोदय का धन्यवाद करना चाहता हूं और इसलिए भी उनका धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि वे एक लो प्रोफाइल परिवार से आते हैं, वे मजदूरों की और कामगारों की समस्या को बहुत अच्छे ढंग से समझते हैं।

(1540/RPS/RCP)

सभापति महोदया, श्रम संबंधी कानूनों में सुधार लाने की मांग बहुत लम्बे समय से चली आ रही है, जिसको हमारी सरकार ने आगे बढ़ाने का काम किया है। इसी श्रृंखला में जो चार महत्वपूर्ण विधियां हैं – न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936, बोनस संदाय अधिनियम, 1965 और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, सभी के प्रावधानों एवं व्यवस्थाओं को एकीकृत करके, नए सुधारों के साथ इस मजदूरी संहिता का निर्माण हुआ है। श्रम क्षेत्र में यह संहिता एक नई क्रान्ति लाएगी, जिसका लाभ श्रमिकों और नियोक्ताओं, दोनों को मिलेगा। यह महत्वपूर्ण विधेयक रोजगार के संगठित और असंगठित, दोनों क्षेत्रों को शामिल करेगा और सभी क्षेत्रों के रोजगारों-कामगारों पर न्यूनतम मजदूरी को लागू करने का काम करेगा।

भारत में अभी तक जो श्रम संबंधी कानून थे, उनमें केवल संगठित क्षेत्र के लिए प्रावधान थे। असंगठित क्षेत्र में जो श्रमिक काम कर रहे थे, उनके लिए या तो व्यवस्थाएं नहीं थीं या बहुत कम व्यवस्थाएं थीं। यह संहिता लगभग 50 करोड़ श्रमिकों के जीवन में सामाजिक-आर्थिक क्रान्ति का साधन सिद्ध होगी। असंगठित क्षेत्र बहुत सारी विसंगतियों से भरा हुआ है, उनका बहुत ज्यादा शोषण होता है। इन्हीं सब कमियों को दूर करने के लिए देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। यह प्रयास स्वागत-योग्य कदम है, अत्यंत सराहनीय और अभिनंदन-योग्य कदम है। यह ऐसा प्रयास है, जिससे संगठित और असंगठित, दोनों क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों की आर्थिक-सामाजिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा और यह संहिता श्रमिकों को संगठित और असंगठित के विभाजन में न बांटते हुए, मात्र श्रमिकों की आर्थिक-सामाजिक

उन्नति का मूल मार्ग बनेगी। इस संहिता में जो परिभाषाएं हैं, वे अपने विषय को और स्पष्ट करती हैं, जिससे उनकी व्याख्याओं में सुगमता आ जाती है।

सभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि हम देश की गगनचुम्बी इमारतों को देखते हैं, चमचमाती सड़कों को देखते हैं, लेकिन ये गगनचुम्बी इमारतें बनाने का काम कौन करता है? मजदूर इस काम को करते हैं। सड़कों को चमचमाने का काम कौन करता है? मजदूर इस काम को करते हैं। दिल्ली में सिविक सेंटर, हिन्दुस्तान टाइम्स बिल्डिंग, स्टेट्समैन हाउस, पालिका केन्द्र, मुंबई का वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, इम्पीरियल टावर आदि बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स हमें नजर आती हैं, लेकिन इन बिल्डिंग्स को बनाने में मजदूर का जो परिश्रम लगता है, वह परिश्रम हमें नजर नहीं आता है। उस परिश्रम को पहचान कर, उसे सही मजदूरी मिले, न्यूनतम मजदूरी के रूप में उसका जो हिस्सा है, उसका वह हिस्सा उसे मिले, इस काम को करने का काम अगर किसी ने किया है तो देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। प्रयागराज का कुम्भ हमारे सामने है, प्रयागराज के कुम्भ में हमने देखा कि पूरे देश से करोड़ों की संख्या में धर्मालुजन वहां पर गए, प्रवासी भारतीय भी वहां बड़ी संख्या में आए, बहुत बड़ी संख्या में विदेशी लोग भी वहां आए, लेकिन प्रयागराज के कुम्भ में उस परिसर को पूरी तरह से साफ-स्वच्छ रखने का काम हमारे सफाई कर्मचारी भाइयों ने किया। ऐसे सफाई कर्मचारी भाइयों का सम्मान देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने उनके पैर धोकर के, सबका सम्मान करने का काम किया है। यह आज़ाद हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार किसी प्रधान मंत्री द्वारा मजदूरों को सम्मानित करने का कदम उठाया गया है।

सभापति महोदया, हमने प्रयागराज में 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' देखा। मैं एक घटना का उल्लेख करना चाहता हूं। मैंने अपने क्षेत्र में एक बार, जो कामकाजी बहनें होती हैं, जो घरों में झाड़ू-पोंछा करने जाती हैं, बर्तन मांजने के लिए जाती हैं, कपड़े धोने के लिए जाती हैं, ऐसी बहनों की कठिनाइयों और परेशानियों को जानने के लिए को मैंने बड़ी संख्या में एकत्रित किया। वहां पर बड़ी संख्या में बहनें आईं। वहां पर एक बहन आई, उसने अपनी पीड़ा बताई। वह बहन दो घरों में काम करने के लिए जाती थी। उसका पति एक ठेकेदार के अधीन मजदूर के रूप में काम करता था, सड़क बनाने का काम चल रहा था। वह मजदूर बेचारा पिघले हुए तारकोल से भरी बाल्टी लेकर जा रहा था, उसके पैर में ठोकर लगी और वह बाल्टी उसके पैर पर गिर पड़ी। उससे उसकी खाल पूरी तरह झुलस गई। अब वह बहन, जो दो घरों में काम कर रही थी, उसके सामने दोहरी समस्या आ गई। एक ओर अपने बच्चों का पेट पालना है, दूसरी ओर पति बीमार हो गया, घायल हो गया, उसका इलाज कराना है। ठेकेदार ने कुछ दिनों तक उसे भर्ती कराया, फिर हाथ खड़े कर लिये। अब वह जो बहन दो घरों में काम करती थी, उसको दो अन्य घरों में काम करने के लिए जाना पड़ा। उसे दो घरों में काम तो मिला, लेकिन उसे कम मजदूरी पर काम करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

(1545/RAJ/SMN)

हमारी बहनों का इस तरह से शोषण होता है और हमारे मजदूर भाइयों का शोषण होता है। उनको न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए। यह पहल श्रम मंत्री जी द्वारा इस संहिता के माध्यम से की गई है, यह एक बहुत बड़ा स्वागत योग्य कदम है।

सभापति महोदया, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ, हमारी सरकार समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए प्रयास कर रही है। समय-समय पर हम स्त्री-पुरुष की समानता की बात करते हैं और हम लिंग के आधार पर भेदभाव का विरोध भी करते हैं, लेकिन हमें इसमें सामाजिक जीवन में कई विसंगतियां देखने को मिलती हैं। श्रम संबंधी स्थायी समिति में, मैंने कई स्थानों पर जाकर देखा है और वहां पर हमने मजदूरी के बारे में जानने का प्रयास किया है। हम ने देखा है कि लिंग के आधार पर बहुत सारी असमानताएं कई स्थानों पर हैं। चाहे वह मजदूरी, पारिश्रमिक या आईटी सेक्टर की बात हो, हर जगह असमानता है। हमारे बहुत सारे साथियों के क्षेत्रों में चाय बागान हैं। हम ने देखा है कि वहां पर बड़ी संख्या में हमारी बहनें काम करती हैं। मैंने चाय बागानों में जा कर देखा है कि बहनों को पारिश्रमिक देने में भेदभाव किया जाता है। उनको समान मजदूरी नहीं दी जाती है। मैंने असम में देखा है कि उनको मजदूरी में कुछ स्थानों पर चावल दिए जाते हैं और चावल के पैसे उनकी मजदूरी से काटे जाते हैं। इस तरह से उनका शोषण होता है, लेकिन मैं असम की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि असम की सरकार, हमारी सरकार ने उनके लिए पहल की है। असम की सरकार द्वारा एक व्यक्ति को पांच किलोग्राम चावल देने की शुरुआत की गई है। यह एक सराहनीय कदम है, लेकिन उनकी मजदूरी से चावल और आटे का पैसा काटा जाता है, यह उनका शोषण है। इस शोषण को रोकने के लिए, जिन राज्यों में चाय बगान हैं, उन चाय बगानों में जो मजदूर हैं, जहां पर मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है, मैं आदरणीय श्रम मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरह की अनियमितता करने वाले, मालिक, नियोक्ता या ठेकेदार के प्रति कदम उठाए जाने चाहिए। जब हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं तो हमारे देश की जो आधी आबादी है, उनको पूरा मेहनताना मिले, इसकी पहल होनी चाहिए। ईंट भट्टा पर एक मजदूर काम करता था। वह अपनी मजदूरी मांगने के लिए गया। वहां पर उससे कहा गया कि तुम कल आना, कल तुम्हारा भुगतान कर दिया जाएगा। जब वह वहां पर दूसरे दिन गया तो ईंट भट्टे के मालिक ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके साथ बुरी तरह से मार-पीट की। इसके कारण वह व्यक्ति खत्म हो गया। उसकी पत्नी छोटे बच्चे को लेकर मेरे पास आई और अपने बच्चे को मेरे सामने रख दिया। मेरी आत्मा अंदर तक कांप गई कि इस बहन को कैसे न्याय दिलाया जाए? पहले वह थाने में गई थी, लेकिन थाने में उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही थी। मैं उस बहन को साथ लेकर गया, उसकी रिपोर्ट लिखवाई और उसकी मदद की। उस मजदूर का कसूर था कि वह अपना हक मांगने गया था। जो उसने परिश्रम किया था, उस परिश्रम की कीमत मांगने गया था। इस तरह किसी भी मजदूर के साथ अन्याय न होने पाए। हमने चाय बागान की विसंगति को देखा है।

हमारे देश में बड़ी संख्या में बीड़ी मजदूर हैं। वे देश में एक-सा परिश्रम करते हैं, लेकिन असम में बीड़ी मजदूर की दर अलग है, कर्नाटक में यह अलग है, मध्य प्रदेश में यह अलग है, ओडिशा में यह अलग है और महाराष्ट्र में अलग है। जब एक ही तरह का काम है तो समान काम के लिए पूरे देश में एक समान मेहनताना क्यों नहीं मिलना चाहिए? वहां पर भी न्यूनतम मजदूरी देने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

भवन निर्माण के क्षेत्र में जो मजदूर काम करते हैं, उनके साथ भी वहां पर भेदभाव किया जाता है। मैंने एक ठेकेदार से बात की। पुरुषों को जो मेहनताना दिया जाता था, उसकी तुलना में महिलाओं को कम पारिश्रमिक दिया जा रहा था। मैंने उस ठेकेदार से बात की कि महिलाओं को इतना कम वेतन क्यों दे रहे हो? उसने कहा कि महिलाओं की काम करने की शक्ति कम होती है, इसलिए उनको कम मेहनताना दिया जाता है। कई बार महिलाएं भी इस बात को मान लेती हैं कि हम पुरुषों की तुलना में कम काम कर पाते हैं। यह भेदभाव खत्म करने के लिए ही इसे लाया गया है। लिंग के आधार पर भेदभाव प्रतिबंध है, उस प्रतिबंध का प्रावधान विधेयक के खंड-तीन में किया गया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है और इससे आने वाले समय में इस तरह की विसंगतियां, जो हमारी बहनों के साथ मजदूरी देने में भेदभाव किया जाता है, उस दिशा में बहुत अच्छा कदम है।
(1550/IND/MMN)

महोदया, इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य न्यूनतम मजदूरी तय करना है। विधेयक का खंड-5 यह सुनिश्चित करेगा कि सरकार द्वारा अधिसूचित मजदूरी न्यूनतम दर से कम मजदूरी किसी राज्य में या संस्था में कर्मचारी को नहीं दी जाएगी। विधेयक के खंड-6 में न्यूनतम मजदूरी को नियत करने का जो उपबंध किया गया है, केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए अधिसूचना द्वारा तय मजदूरी नियत की जाएगी। तय मजदूरी कामगार के जीवन यापन की जो न्यूनतम आवश्यकताएं हैं, उनके आधार पर नियत की जाएंगी और उसके बाद समुचित सरकार द्वारा तय की गई मजदूरी की न्यूनतम दरें तय मजदूरी से कम नहीं होंगी। यदि समुचित सरकार द्वारा पहले से तय की गई मजदूरी की न्यूनतम दरें तय मजदूरी से अधिक थीं, तो उन्हें कम नहीं किया जा सकेगा। न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने और संशोधित करने की शक्ति और उनके आबंटन क्षेत्र के संबंध में राज्य सरकारों के पास जारी रहेंगी। वर्तमान में जो गैर सांविधिक मजदूरी 176 रुपये प्रतिदिन है, जो सभी राज्यों को परामर्शिका के रूप में जारी की गई है, न्यूनतम मजदूरी कालानुपाती काम, मात्रानुपाती काम के लिए और अवधि के घंटे या दिवस या मास द्वारा होगी। यह विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए निम्नतम मजदूरी का उपबंध करने के लिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई राज्य सरकार, केन्द्र सरकार द्वारा उस क्षेत्र के लिए अधिसूचित निम्नतम मजदूरी से कम निम्नतम मजदूरी नियत न करे। अनुसूचित नियोजन को समाप्त करने पर न्यूनतम मजदूरियों की संख्या में भारी कमी आई है। इससे न्यूनतम मजदूरियों की वर्तमान संख्या पूरे देश में 2000 से काफी कम हो कर किसी राज्य में लगभग 10 रह जाएगी। 24 हजार रुपये प्रतिमाह की वेतन सीमा तक मजदूरी का समय पर भुगतान केवल अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर लागू होने के बजाय सभी पर इसका विस्तार किया गया है। यह प्रावधान अत्यंत सराहनीय है और स्वागत योग्य है।

महोदया, विधेयक के खंड-9 में यह प्रावधान किया गया है कि केन्द्र सरकार निम्नतम मजदूरी नियत करने से पूर्व केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड की सलाह प्राप्त करेगी। यह बोर्ड न्यूनतम वेतन का निर्धारण व महिलाओं के रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के पहलुओं पर संबंधित सरकारों को सलाह देगा। केंद्रीय सलाहकार बोर्ड के गठन में नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व, कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व, स्वतंत्र व्यक्ति व राज्य सरकार के पांच प्रतिनिधियों को मिलाकर किया जाएगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बोर्ड में एक तिहाई महिला सदस्य होंगी। यह बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है और भारत के कार्य क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की लगभग आधी आबादी यानी कि महिला श्रमिकों के सशक्तीकरण में मील का पत्थर साबित होगा। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नारी सशक्तीकरण का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण प्रावधान से पूर्ण होगा। ऐसा ही एक सलाहकार बोर्ड राज्य सरकारों द्वारा गठित किया जाएगा व जिसमें एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी।

महोदय, विधेयक का खंड-14 ओवर टाइम के लिए मजदूरी का संदाय का उपबंध है, जिसमें सामान्य कार्य दिन को गठित करने वाले घंटों की संख्या से अधिक हैं तो ओवर टाइम की दर मजदूरी की सामान्य दर से दोगुने से कम नहीं होगी। यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है और इसके लिए माननीय श्रम मंत्री जी का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। अक्सर यह देखा गया है कि नियोक्ता खासकर ठेकेदार कामगारों से गठित घंटों से ज्यादा काम लेते हैं और उन्हें उसकी एवज में बहुत कम पारिश्रमिक दिया जाता है। कई जगह हमने पाया है कि ठेकेदार मजदूरों से ओवर टाइम तो कराते हैं, परन्तु उन्हें डरा-धमका कर उनका पारिश्रमिक नहीं देते हैं। जहां मजदूरों के द्वारा इसका विरोध किया जाता है, तो उन्हें काम से निकालने की धमकी दी जाती है और इसका परिणाम यह होता है कि बाकी सारे मजदूर भय के कारण कि उन्हें निकाल दिया जाएगा, इसलिए ज्यादा समय काम करते हैं। वे ठेकेदार से ओवर टाइम का पारिश्रमिक नहीं मांगते हैं। एक स्थान पर कांच से जुड़े व्यवसाय के मजदूरों से मिले। हमने देखा कि वहां मजदूर लगातार एक हजार डिग्री सेल्सियस से ऊपर के टेम्प्रेचर में भट्टी के सामने बैठे लगातार दस से बारह घंटे तक काम करते हैं, परन्तु उन्हें केवल एक दिन का ही पारिश्रमिक दिया जाता है। हम इनके घरों में भी गए, जहां चूड़ियों को रगने और जोड़ने का काम किया जाता है। हमने पाया कि वहां इन मजदूरों के छोटे-छोटे बच्चों से इस काम को कराते हैं और उनका पारिश्रमिक वयस्कों के मुकाबले एक चौथाई भी नहीं होता। ऐसा करके ठेकेदार बाल श्रम को बढ़ावा देता है और मजदूरी में भी भेदभाव करता है। इसलिए ऐसे स्थानों को चिह्नित करके उस स्थान पर कार्य करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

(1555/PC/VR)

सभापति महोदया, विधेयक के खंड 17 में प्रावधान किया गया है कि किसी भी श्रमिक को सेवा से हटाने के लिए, उसके द्वारा कंपनी छोड़ दी गई है या स्थापना बंद होने के कारण कर्मचारी को जो मज़दूरी दी जानी है, वह दो सप्ताह के भीतर दे दी जानी चाहिए और समुचित सरकार इस खंड में उपबंधित समय सीमा से अलग समय सीमा उपबंधित कर सकेगी, जो कि वास्तव में एक बहुत ही अच्छा कदम है।

माननीय सभापति महोदया, मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं कि वर्षों से बंद पड़ी जो जूट मिलें हैं, वहां के कर्मचारियों को अभी तक भुगतान नहीं किए गए हैं। एक तो कर्मचारी अपनी नौकरी जाने से व्यथित होता है, दूसरी तरफ उसे सालों चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन उसका भुगतान नहीं होता है। यह विधेयक इस बात को सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारी का भुगतान हर स्थिति में दो सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए।

महोदया, खंड 18 में कर्मचारी की मज़दूरी से जो कटौतियां होती हैं, उन कटौतियों के संबंध में प्रबंध किया गया है। इससे कुछ निश्चित आधार पर ही यह कटौती की जा सकेगी, जैसे अगर कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित रहें या उसने एडवांस लिया है या नियोक्ता द्वारा उसे आवास उपलब्ध कराया गया है। किसी मज़दूरी अवधि में मज़दूर की कटौती की अधिकतम सीमा पचास प्रतिशत होगी। इस पचास प्रतिशत से ज्यादा कटौती नहीं हो सकेगी, लेकिन देखने में यह आता है कि नियोक्ता कर्मचारी के वेतन से कटौती करते हैं, पर उस कटौती को नियत खातों में जमा नहीं करते। कई जगह तो हमने यह भी पाया कि कर्मचारियों के वेतन से कटौती हुई, परंतु उनका खाता सरकारी निधि के लिए खुला ही नहीं और उनको आश्वासन दिया गया कि जहां वे कार्यमुक्त होंगे तो उनका सारा पैसा उन्हें मिल जाएगा। ऐसी धोखाधड़ी को रोकने में यह खंड मजदूरों के हितों का ध्यान रखेगा।

सभापति महोदया, खंड 21 नुकसान या हानि से कटौती के उपबंध के लिए है। कर्मचारी की उपेक्षा या अनदेखी की वजह से नियोक्ता से हुए नुकसान के परिपक्ष में कटौती तब तक नहीं की जा सकेगी, जब तक कर्मचारी को कटौती के विरुद्ध 'कारण बताओ नोटिस' जारी नहीं किया जाता है। हमने ऐसा कई जगह पाया जहां कर्मचारी को विभिन्न हानियां दिखाकर उनके वेतन से कटौती की गई। कई बार तो कर्मचारी को मालूम ही नहीं होता था कि किस गलती के कारण उसका वेतन काटा गया है। ऐसे में यह प्रावधान कर्मचारी को अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करेगा। इस संहिता में एक और महत्वपूर्ण प्रावधान यह किया गया है कि पांच वर्ष से अधिक के अंतराल पर मजदूरी की न्यूनतम दरों का पुनर्विलोकन किया जाएगा। यह वास्तव में बहुत ही स्वागतयोग्य कदम है।

मजदूरों के दावे के संबंध में दावे की जो समय सीमा है, वह अलग-अलग थी, जिसे अब सभी मामलों में तीन साल किया जा रहा है। अर्थात, कोई भी मजदूर अपने दावों को तीन साल के अंदर दाखिल कर सकता है। जहां तक नियोक्ताओं का प्रश्न है, सभी प्रकार की परिभाषाओं और क्रिया-कलापों में एकरूपता लाई जा रही है। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि वर्तमान में जो श्रम कानून है, उसमें 12 प्रकार की वेजेज़ की परिभाषा है, जिसमें काफी संदेह होता है। अत: सभी परिभाषाओं में एकरूपता लाई जा रही है। पैनल्टी को तर्कसंगत बनाया जा रहा है, कम्पाउंडिंग की व्यवस्था की जा रही है, रिटर्न को भी बहुत सरल किया जा रहा है, इंस्पैक्टर को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जा रहा है और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को रोकने के लिए अधिकार क्षेत्र मुक्त जांच का प्रावधान किया जा रहा है। यह वास्तव में बहुत ही स्वागतयोग्य कदम है।

महोदया, विधेयक के खंड 43 में प्रिंसिपल एम्पलॉयर की परिभाषा है। अधिकांश स्थानों पर यह देखने में आता है कि नियोक्ता किसी कंपनी, फर्म या एसोसिएशन के ठेकेदार को बता देता है

कि सारी चीज़ों के लिए वह जिम्मेदार है, चाहे वह उसके लिए सुविधाएं हों, उसका वेतन हो या कोई दुर्घटना होने पर उसको सहायता देने का विषय हो। इस तरह वह अपने आप को इस जिम्मेदारी से बचाना चाहता है। अत: इस खंड में प्रिंसिपल एम्पलॉयर की परिभाषा का सरलीकरण किया गया है। यह भी वास्तव में बहुत स्वागतयोग्य कदम है। इससे अब ठेकेदार और नियोक्ता अपने आप को बचा नहीं पाएंगे और न ही मजदूरों के हितों का किसी तरह का अहित कर पाएंगे।

